

हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, गुरुवार 31 अक्टूबर 2024



# दीपावली आज: दोपहर 3.52 बजे से होगी अमावस्या की शुरूआत, कल भी मुहूर्त

## दिवाली: कल शाम साढ़े छह बजे तक अमावस्या, दो दिन मनेगा दीपोत्सव पर्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

दिवाली पर्व को लेकर हर्षोल्लास का माहौल है। कल 31 अक्टूबर को बड़ी संख्या में लोग मां महालक्ष्मी की विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर मंगल कामना करेंगे। हालांकि पर्व को लेकर लोगों के बीच असमंजस की स्थिति है। लिहाजा कई एक नंवबर को पर्व मनाने की तैयारी में है।

दिवाली पर्व को मनाने के लिए लोगों ने व्यापक तैयारियां की है। लोगों के बीच इस बात को लेकर भी भ्रम की स्थिति है कि दिवाली 31 अक्टूबर को मनाएं या 1 नवंबर को। पंचाग एवं पंडितों के अनुसार कार्तिक मास के अमावस्या तिथि को मनाई जाती है। दिवाली पूजा शाम के समय प्रदोष काल में होती है। इस साल कार्तिक मास की अमावस्या तिथि की शुरूआत 31 अक्टूबर को 3.52 बजे होगी। इस तिथि का समापन एक नवंबर को 6.16 बजे होगा।

इधर दिवाली पर्व के लिए पूर्व से ही लोग पर्व संबंधी सामग्रियों की खरीदी कर ली है। बाजार में मिट्टी के दीये से लेकर साज-सजावट की सामग्री, कपड़े, ज्वेलरी सहित अन्य सामानों की मांग बनी हुई थी। शहरी सहित ग्रामीण इलाकों में घर-घर में व्यापक साज-सजावट आकर्षक विद्युत सज्जा की गई है। घरों की साफ-सफाई से लेकर पकवान बनाने तक के कार्य लगभग पूर्ण कर लिए गए हैं। पर्व की खरीदी के लिए लोगों की बनी उपस्थिति से बाजार में चहल-पहल का दौर बना हुआ है। वहीं बाजार में रौनक है।

### गांव में होगी गोवर्धन पूजा की धूम

धनतेरस पर्व के बाद से दिवाली पंच पर्व प्रारंभ हो चुका है। 2 नवंबर को गोवर्धन पूजा, 3 नवंबर को भाई दूज पर्व मनाया जाएगा। कल 31 अक्टूबर को लोग हर्षोल्लास एवं श्रद्धा भक्ति के साथ मां महालक्ष्मी की विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर मंगल कामना करेंगे। इसके साथ ही बच्चे व युवा फटाके फोड़कर पर्व का आनंद उठाएंगे। जिससे फटाकों की रंग-बिरंगी छंटा बिखरेगी। लोग नए कपड़े पहनकर पर्व का आनंद उठाएंगे। वहीं लोगों का मुंह मीठा कराकर एक-दूसरे को पर्व की बधाईयां देंगे।





### पर्व को लेकर उत्साह

ग्रामीण इलाकों में गोवर्धन पूजा की धूम रहेगी। जिसकी व्यापक तैयारियां की गई है। शहर सहित ग्रामीण इलाकों में गोवर्धन पूजा की जाएगी, लेकिन ग्रामीण इलाकों में इस पर्व का उत्साह देखते ही बनता है। ग्रामीण एकत्र होकर एक साथ पर्व का आनंद उठाते हैं। गांव-गांव में इस पर्व पर खुशियां बिखरी होती है। 2 नवंबर को गोवर्धन पूजा को लेकर अंचल के ग्रामीण इलाकों में उत्साह का माहौल निर्मित है।

## खबर संक्षेप

### घरों में दीप प्रज्वलन करने की अपील

**राजनांदगांव।** राज्य शासन के निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर 1 नवंबर को जिला मुख्यालय एवं प्रमुख नगरों में दीप प्रज्वलन किया जाएगा। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर जिले के सभी नागरिकों से अपने घरों में दीप प्रज्वलन करने की अपील की है।

### जिला स्तरीय कन्वर्जेंस समिति की बैठक 6 को

**राजनांदगांव।** प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना अंतर्गत वर्ष 2022-23 में जिले के 7 ग्रामों का चयन किया गया है। योजना अंतर्गत चयनित ग्रामों का निर्धारित प्रपत्रों में सर्वे उपरांत ग्राम विकास योजना तैयार की गई है, जिसे ग्राम स्तरीय कन्वर्जेंस समिति तथा संबंधित जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी के अनुमोदन पश्चात जिला स्तरीय कन्वर्जेंस समिति द्वारा अनुमोदन के लिए जिला स्तरीय कन्वर्जेंस समिति की बैठक 6 नवम्बर को सुबह 11 बजे कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित की गई है। बैठक में ग्राम विकास योजना के अनुमोदन पश्चात उच्च कार्यालय को प्रेषित किया जाएगा। बैठक में जिला स्तरीय कन्वर्जेंस समिति सदस्यों से उपस्थित होने का आग्रह किया गया है। संबंधित अधिकारियों को आवश्यक जानकारी सहित उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं।

### दो वाहन राजसात

**राजनांदगांव।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी संजय अग्रवाल ने छत्तीसगढ़ कृषिक पशु परिरक्षण अधिनियम में दिए गए प्रावधानों के तहत दो वाहनों को शासन के पक्ष में राजसात किया है। न्यायालय जिला दंडाधिकारी राजनांदगांव से प्राप्त जानकारी के अनुसार हवलदारपुरा माना मुर्तजापुर जिला अकोला महाराष्ट्र निवासी मोहम्मद कासिम स्वामित्व के वाहन अशोक लिलैंड क्रमांक एमएच-30-बीडी-4616 एवं मोहम्मद सोएब के स्वामित्व के वाहन पिकअप क्रमांक एमएच-18-एए-3481 को राजसात किया गया है। इस आदेश के विरूद्ध पुनरीक्षण की अवधि समाप्त हो जाने और सक्षम न्यायालय से किसी प्रकार का कोई आदेश प्राप्त नहीं होने पर पर राजसात की कार्रवाई की गई है। नियमानुसार वाहन का आटीओ से मूल्यांकन कराकर नीलामी की कार्रवाई की जाएगी और प्राप्त राशि को छत्तीसगढ़ शासन के निर्धारित मद में खजाना दाखिल करने की कार्रवाई की जाएगी।

## दिवाली के बाद बढ़ेगी धान कटाई की प्रक्रिया, 14 से सरकारी खरीदी

# 1.76 लाख एकड़ में धान की बोनी पिछले साल से 8 हजार एकड़ कम

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

मौके पर जाकर फसल की जानकारी लेने के लिए किए जाने वाली गिरदावरी रिपोर्ट के आंकड़े अब सामने आ गए हैं। रिपोर्ट के मुताबिक खरीफ सीजन में धान की बोनी इस बार पिछले साल के मुकाबले कम की गई है। आंकड़ों पर नजर डाले तो राजनांदगांव जिले में किसानों ने इस बार 1.76 लाख एकड़ भूमि में धान की फसल ली है। जबकि पिछले साल इससे आठ हजार एकड़ अधिक रकबे में धान फसल ली गई थी।

उल्लेखनीय है कि प्रदेश में सर्वाधिक संख्या में किसान धान की फसल ही लेते हैं। पिछले कुछ सालों से धान की लगातार बढ़ती कीमत के चलते किसानों का रूझान धान की खेती की तरफ और अधिक बढ़ा है। ऐसे में हर साल धान की खेती का रकबा बढ़ता ही जा रहा था, लेकिन इस बार इसमें कमी देखने को मिली है। मिली जानकारी के अनुसार राजनांदगांव जिले में इस बार करीबन 1.76 लाख एकड़ भूमि में धान की फसल ली गई है। जबकि पिछले साल 1.84 लाख एकड़ में धान की खेती की गई थी। ऐसे ही मक्के की बोनी में भी इस बार पिछले साल के मुकाबले मामूली कमी देखने को मिली है।



### जिलेवार इतना टारगेट तय

अविभाजित राजनांदगांव जिले में इस बार धान खरीदी के दौरान कुल 14398930 क्विंटल धान खरीदने का लक्ष्य शासन द्वारा तय किया गया है। इसमें सर्वाधिक 7737560 क्विंटल धान राजनांदगांव जिले में खरीदने का लक्ष्य रखा गया है। वहीं मोहला-मानपुर जिले में 2397870 लाख क्विंटल एवं खैरागढ़ जिले में 4263500 क्विंटल धान खरीदी का टारगेट तय किया गया है।

### जिले में बढ़ी पंजीकृत किसानों की संख्या

समर्थन मूल्य पर की जाने वाली धान खरीदी को लेकर इस वर्ष बीते वर्ष के मुकाबले अधिक किसानों ने अपना पंजीयन कराया है। बीते वर्ष धान विक्रय के लिए 1 लाख 28 हजार 69 किसानों ने अपना पंजीयन कराया था। वहीं इस वर्ष पंजीयन तिथि समाप्ति से पहले ही बीते वर्ष की तुलना में 1 हजार अधिक किसानों ने अपना पंजीयन कर लिया है। वहीं एक सप्ताह के भीतर यह संख्या और बढ़ने का अनुमान है।

**14 नवंबर से खरीदी** : इस साल प्रदेश में धान खरीदी की शुरूआत 14 नवंबर से होने जा रही है। इससे पहले 31 अक्टूबर तक किसानों को पंजीयन का समय दिया गया है। अविभाजित जिले में करीबन साढ़े तीन लाख किसान धान बेचने के लिए पंजीयन कराते हैं। इस बार अविभाजित जिले में करीबन 143 लाख क्विंटल धान खरीदने का टारगेट तय किया गया है।

### नांदगांव ब्लॉक में सर्वाधिक कमी

रिपोर्ट के अनुसार इस बार धान की खेती में सर्वाधिक कमी राजनांदगांव ब्लॉक में देखने को मिली है। राजनांदगांव में इस बार 29529 एकड़ रकबे में धान की बोनी की गई है। पिछले साल यहां 32244 एकड़ में धान की फसल ली गई थी। ऐसे ही डोंगरगढ़ में 27366, डोंगरगांव में 29147 एकड़, छुरिया में 32031 एकड़, एलबी नगर में 20798 एकड़, घुमका में 16946 व कुमरदा ब्लॉक में 20919 एकड़ में धान बोया गया है।

### गिरदावरी में कई बदलाव

इस साल राज्य सरकार किसानों से धान खरीदी के लिए गिरदावरी में धान के मेड़, खेत के भीतर बनाए गए पंप हाउस या फार्म हाउस, मकान को छोड़कर धान बोये गए क्षेत्र की गिरदावरी में दर्ज किया जा रहा है, ताकि किस किसान के द्वारा कितनी मात्रा में कितनी जमीन पर धान बोई गई है, इसकी सही जानकारी मिल सके। धान के अलावा अन्य फसलें बोई गई है, इसकी जानकारी एकत्र की गई है।

## रंगोली प्रतियोगिता

# रतन टाटा को समर्पित थीम पर बनाई रंगोली लोगों ने खूब सराहा







हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

दीपावली की पूर्व संध्या को शहर के बाल गोविंद चौक पर वक्रतुंड मित्र मंडल और दीपचंद चित्रकला प्रशिक्षण केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में रंगोली एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस वर्ष यह आयोजन देश के प्रख्यात उद्योगपति स्वर्गीय रतन टाटा को समर्पित रहा। प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाले प्रतिभागियों ने स्व.रतन टाटा से जुड़ी स्मृतियों को रंगोली और चित्रकला के माध्यम से कैनवास पर उकेरा।



रंगोली प्रतियोगिता के आयोजन अवसर पर यहां राजस्थानी और नेचुरल मॉडल आर्ट की झलक भी देखने को मिली। इस प्रतियोगिता में बढ़-चढ़कर प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया और अपनी सोच को आकर्षक रंगों के माध्यम से जीवंत बनाया।

**एक दशक से हो रहा आयोजन**

लगभग 12-13 वर्षों से आयोजित हो रही इस रंगोली प्रतियोगिता को देखने बड़ी संख्या में दर्शक यहां पहुंचे। शाम 6 से रात 11 बजे तक इस प्रतियोगिता की प्रदर्शनी आयोजित की गई। प्रतियोगिता में दो समूह बांटे गए। जिसमें चित्रकला प्रतियोगिता में 18 प्रतिभागी और रंगोली प्रतियोगिता में 9 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

### विजेताओं को आकर्षक पुरस्कार

*चित्रकाला प्रशिक्षक दीपचंद साहू के मार्गदर्शन में आयोजित होने वाले इस रंगोली और चित्रकला प्रतियोगिता के निर्णायक के रूप में चित्रकार राजेश स्वर्णकर उपस्थित रहे। वहीं इस प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विजेताओं को ट्रॉफी और विशेष आकर्षण पुरस्कारों से नवाजा गया।*

# मोमबत्ती जलाकर जंगल में खेल रहे थे जुआ, छह पकड़ाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जंगल रास्ते में मोमबत्ती जलाकर कुछ लोग जुआ खेल रहे थे। जिसकी सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर दबिश देकर छह लोगों को पकड़ा। जिनसे नगदी रकम एवं ताश पत्ती बरामद कर कार्रवाई की गई है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार मोहारा पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत पुलिस को 29 अक्टूबर को मुखबीर से सूचना मिली थी कि ग्राम बनबोड से जंगल जाने के आम रास्ता के पास कुछ लोग मोमबत्ती जलाकर उसकी रौशनी में रुपए-पैसे का दांव लगाकर ताश पत्ती से जुआ खेल रहे हैं। उक्त सूचना पर पुलिस टीम ने मौके पर दबिश दी। पुलिस के अनुसार मौके पर आरोपी चिरौंजी 35 वर्ष नयापारा अछोली, देवा लहरे 32 वर्ष बेलगांव, विकास कोसरे 27 वर्ष अर्जुनी, मेवाराम बंजारे 32 वर्ष बेलगांव, तारिक खान 23 वर्ष खपरी, धर्मेन्द यादव 23 वर्ष मोतीपुर को पकड़ा गया। पुलिस के अनुसार अन्य आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गए।

**नगदी, दरी, मोबाइल व कार बरामद** : पुलिस ने उक्त आरोपियों से ताश पत्ती, दरी एवं नगदी रकम 3020 रुपए, 3 मोबाइल, 2 कार, 5 दोपहिया वाहन बरामद कर कार्रवाई की है। पुलिस की इस कार्रवाई से जुआ खेलने वालों में हड़कंप मचा हुआ है।

# 34.5 डिग्री तापमान के साथ डोंगरगढ़ प्रदेश में सबसे गर्म, आज हल्की बारिश के आसार!

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अक्टूबर समाप्त होने को है, आज महीने का अंतिम दिन है। इसके बाद भी अब तक ठंड की दस्तक नहीं हो पाई है। हालत यह है कि राजनांदगांव जिला प्रदेश में सबसे गर्म बना हुआ है। बुधवार को डोंगरगढ़ शहर 34.5 डिग्री तापमान के साथ सबसे गर्म रहा।



हालांकि आज प्रदेश के दुर्ग, रायपुर और बस्तर संभाग के कुछ इलाकों में हल्की बारिश की संभावना जताई गई है। ऐसे में अंचल के भी कुछ इलाकों में हल्की बारिश देखने को मिल सकती है। वहीं मौसम विभाग के अनुसार अब नवंबर महीने के पहले सप्ताह में ठंडी हवाओं के आने का दौर तेज होगा। जिसके चलते रात के साथ ही दिन का तापमान भी 3 से 5 डिग्री तक लुढ़केगा। पारा नीचे आने के बाद ही ठंड का एहसास होगा। हालांकि अभी अलसुबह और देर रात ठंडी हवाएं चलना शुरू हो गया है। राजनांदगांव शहर में अब ठंड की शुरूआत होने लगी है। अब तक उमस भरी गर्मी से परेशान लोगों को जल्द ही राहत मिलने की उम्मीद है। बीते कुछ समय से लगातार बदलते मौसम की वजह से इस वर्ष ठंड की शुरूआत व एहसास काफी देरी से हुआ है।

## माए एंगल




# एक करोड़ की यह कैसी लाइट? जहां लगाई वहां हफ्तेभर में बंद, सुधार के लिए कर्मी नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नगर निगम द्वारा शहर को रौशन करने के लिए लगभग एक करोड़ की लागत से खरीदी गई लाईट को लेकर विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है।

पहले इस खरीदी के लिए किए गए टेंडर की प्रक्रिया पर सवाल खड़े किए गए और अब जब लाईट खरीदी कर ली गई है तो इसकी क्वालिटी को लेकर सवाल उठने लगे हैं। बताया गया कि शहर के जिन इलाकों में इन लाईट को लगाया गया है, उनमें कई जगह से इसके हफ्तेभर के भीतर ही खराब होने की शिकायतें आना शुरू हो गया है। खास बात यह है कि एक करोड़ का टेंडर देने वाले निगम ने ठेकेदारों को इसकी सुधार के लिए भी कोई शर्त नहीं रखी है। बताया गया कि लाईट की कोई गारंटी-वारंटी नहीं है। ऐसे में अब इन लाईट को सुधारने के लिए निगम को अपने ही कर्मचारियों को मैदान में दौड़ाना पड़ रहा है। जबकि इससे पहले हुई लाईट खरीदी में संबंधित ठेकेदार ही दो से तीन साल तक मेंटेंनेस करता आया है। लाईट को लेकर आ रही शिकायत के चलते एक बार फिर निगम पर सवाल खड़े करने का अवसर विरोधियों को मिल गया है।

### विपक्ष व सत्तापक्ष खामोश

एक करोड़ की लाईट खरीदी का आरोप भाजपा के कुछ नेताओं पर लग रहा है। खास बात यह है कि इस पूरे मामले में महापौर हेमा देशमुख सहित शहर सरकार के भी कुछ नेताओं ने चुप्पी साध ली है। यही कारण है कि लगातार शिकायत सामने आने के बाद भी कोई कार्रवाई या एक्शन नहीं लिया जा रहा है।

### नहीं मिल रही पर्याप्त लाइट

एक करोड़ की लाईट खरीदे जाने के बाद भी शहर के अधिकांश वार्डों के पार्षदों का आरोप है कि उन्हें मांग अनुसार लाईट नहीं दी जा रही है। शिकायत करने वाले में कांग्रेस सहित भाजपा के पार्षद भी शामिल हैं। वहीं पार्षदों का यह भी आरोप है कि लाईट की क्वालिटी इतनी खराब है कि जिन इलाकों में इसे लगाया जा रहा है, वहां के लोग ही उन्हें गालियां दे रहे हैं।

समदा
सुपरस्पेशलिटी अस्पताल
NABH मान्यता प्राप्त
उपलब्ध सुविधाए
डॉ. दीपिका जैन
बी. डी. एस. एम. डी. एस.
(आथोर्डोंटिक्स एवं डेन्टोफेशियल सर्जन )
- सिंगल सिटिंग रूट कैनाल ट्रीटमेंट
- टेढ़े-मेढे. एवं बाहर निकले दांतों का उपचार (मेटल / सिरेमिक ब्रेसेस द्वारा)
- ब्लीचिंग द्वारा दांत सफेद करना
- लेजर / दांत के रंग की फिलिंग
- दांत निकालना
- मुंह कम खुलने का उपचार
- इम्प्लांट द्वारा फिक्सड दांत लगाना
- मुंह के छाले का उपचार
मिलने का समय - प्रात: 10 बजे से शाम 7 बजे तक
पता :-बसंतपुर, महामाया चौक, VIP रोड, राजनांदगांव (छ.ग.)
अपॉइंटमेंट के लिए संपर्क करें :- 7744356654

संजीवनी
नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
24 घंटे आपात चिकित्सा
- एक्सीडेंट
- जहर का सेवन
- लीवर फेलयर
- किडनी फेलयर
- हार्ट अटैक
- ब्रेन हेमरेज
- पीलिया • लकवा
स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
- बच्चेदानी का ऑपरेशन
- बांझपन का ईलाज
- मासिक धर्म की अनियमितता का ईलाज
- गर्भाशय संबंधी सभी प्रकार के रोगों का ईलाज
- नार्मल व सीजिरियन डिलीवरी मात्र 10000/-
24/7 Emergency सेवा उपलब्ध
OPD 10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365


दीपावली
की हार्दिक बधाई
सांवरिया
रेस्टॉरेंट एवं लॉज A/C & Non A/C room
शुद्ध शाकाहारी
प्रकाश अग्रवाल श्याम अग्रवाल
बड़ी बम्लेश्वरी मंदिर के पास, रोपवे के सामने, डोंगरगढ़ (छ.ग.)
प्रकाश अग्रवाल - 9399226220, 7389753755
रुपेश अग्रवाल - 9893487335


दीपावली
की हार्दिक बधाई
शीतला जनरल स्टोर्स
पायल, किरिंग, हैगिंग, धागा, लॉकेट, चैन, अंगुठी, ब्रेसलेट, कड़ा, हेयर, बैंड, चुड़ी, खिलौना, बक्कल, क्लेचर, बिंदी, सिंदुर, डिब्बा, महिनारी एवं ज्वेलरी की ऑल न्यू वेरायटी
प्रदीप अग्रवाल
7771033056, 9302396496
नवदीप अग्रवाल
9407622891


दीपावली
की हार्दिक बधाई
श्री बालाजी कन्स्ट्रक्शन
A/4B CLASS GOVT. CONTRACTOR
श्री राम-रमा, पटेल वार्ड नं. 17, डोंगरगढ़ (छ.ग.)


दीप पर्व
की हार्दिक शुभकामनाएँ
SHYAM BABA TRADING COMPANY
PADDY HUSK SUPPLIER AND COMMISSION AGENT
GOVERNMENT CIVIL CONTRACTOR
RAJESH KUMAR AGRAWAL
9827981817
SHYAM SUNDAR AGRAWAL
6263481200
DURDARSHAN KENDRA KE SAMNE
HDFC BANK, DONGARGARH


दीपावली
की हार्दिक बधाई
मंगतूराम लक्ष्मीनारायण अग्रवाल
अग्रवाल प्रोसेस एंड
अग्रवाल राईस प्रोडक्ट
उच्च कोटी के अरवा चांवल
परबायल्ड सिल्की सारटेक्स
चांवल के निर्माता, डोंगरगढ़ (छ.ग.)
मो. 9425560400,
9826960400,
7587141900
फोन - 07823-232074,
212800
मनोज अग्रवाल
अध्यक्ष, श्री बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट समिति डोंगरगढ़
राजेश अग्रवाल


दीप पर्व
की हार्दिक शुभकामनाएँ
मुरलीधर अनिल कुमार अग्रवाल
(धानवाला)
अमन सांई ट्रेडर्स
सीमेंट एवं फर्टिलाईजर विक्रेता
डोंगरगढ़ (छ.ग.) 07823-232329
स्व. अनिल अग्रवाल (अनु)
विवेक अग्रवाल
मो. 9300544475
अमन अग्रवाल
मो. 9685585533


दीप पर्व
की हार्दिक शुभकामनाएँ
होटल स्वागतम
लॉज एवं भोजन की उत्तम व्यवस्था
बड़ी मंदिर रोड़, डोंगरगढ़ (छ.ग.)
बिरेन्द्र अग्रवाल
छत्तीसगढ़ संगठन मंत्री
छत्तीसगढ़ प्रांतीय युवा अग्रवाल मंच का उपाध्यक्ष
श्री कृष्ण गौशाला कमेटी अध्यक्ष,
पूर्व अग्रवाल सभा अध्यक्ष
मो. नं. 9589444410
पंकज अग्रवाल
आईटी सेल, संयोजक भाजपा
मो. 9827444428


समस्त जिलेवासियों को
दीपावली
की हार्दिक शुभकामनाएँ...
विनीत
लोक निर्माण विभाग
डोंगरगढ़


समस्त जिलेवासियों को
दीप पर्व
की हार्दिक
शुभकामनाएँ...
विनीत
जल संसाधन विभाग
उप संभाग डोंगरगढ़


दीपावली
पर्व की
हार्दिक बधाई
एवं
शुभकामनाएं ...
नीरज कन्नौजे जी
महामंत्री
विनीत - दक्षिण ब्लॉक कांग्रेस कमेटी, राजनांदगांव


अंशदीप
इलेक्ट्रॉनिक्स
दीपावली
की हार्दिक शुभकामनाएं...
दीपावली
बेस्ट
डील्स
EMI STARTING FROM ₹1999
20000 CASH BACK
UPTO 60% OFF
ATTRACTIVE GIFTS
SCRATCH & WIN Offer
HAPPY DIWALI
दीपावली में करें शानदार बचत,
सबसे कम दामों की गारंटी!
बजाज कार्ड पर
10,000+10,000 = 20,000
तक का कैशबैक
1EMI FREE
LG
LG AI TV
5-YEAR GUARANTEED
Life's Good.
This Diwali, celebrations will be brighter nationwide with exciting offers on LG Home Appliances.
51 CRORES
SONY
CINEMA IS COMING HOME
1 EMI FREE
Starting EMI
BUY 1999/-
SAMSUNG
Celebrate AI-powered freedom
1 EMI FREE
Starting EMI
BUY 1999/-
Whirlpool
1 EMI OFF
Starting EMI
BUY 1999/-
Discover The All New Range Of Lloyd Products
EASY FINANCE
सभी कार्ड धारको के लिए EMI की सुविधा उपलब्ध
अंशदीप
इलेक्ट्रॉनिक्स
न्यू बस स्टैण्ड के सामने, जी.ई.रोड, राजनांदगांव
मो. 7744 401501, 70001 87019
SONY SAMSUNG LG ONEPLUS EUREKA FORBES Whirlpool IFB VOLTAS PHILIPS KENSTAR GENERAL KUTCHINA DAIKIN


खुशियों का
उत्सव मनाएं
अंशदीप होंडा
का गाड़ी घर ले जाए
अंशदीप होंडा
लाया है
दीपावली
दीपावली
की
हार्दिक शुभकामनाएं
ACTIVA
Shine 100
Shine 100
की खरिदी पर
1 कम्प्यूटर फ्री
हर गाड़ी
की खरिदी पर पाये
SCRATCH KARO
AISH KARO
OFFER
Scratch and Win!
हर गाड़ी की खरिदी पर पायें
2000 रु. तक की नगद छूट
व एक हेलमेट फ्री
सिर्फ
आधार कार्ड
लाएं
और गाड़ी
ले जाएं
Micro Wave
Bowl Set
Iron
Bluetooth Set
Jug
Mixer Grinder
Cooler
LED TV 32"
Fridge
Mobile
Washing Machine
अंशदीप होंडा
पाटीदार भवन के पास, जी.ई.रोड, राजनांदगांव (छ.ग.)
फोन 07744-223100, मो. 9303730201, 7224978023, 7224979023
Website - www.anshdeephonda.com


कर्मा हियरिंग केयर
उपलब्ध सेवायें
आइए बेहतर सुने अब हमारे साथ
सुनने की परेशानी को करे बॉय-बॉय
बढ़ती उम्र के साथ सुनने में होने वाली परेशानी की
जाँच डिजिटल ऑडियोमीटर द्वारा (PTA)
नवजात बच्चों की सुनाई की जांच (OAE)
सभी अंतर्राष्ट्रीय कम्पनी के डिजिटल हियरिंग ऐड उपलब्ध
कान के अंदर न दिखाई देने वाली सुनाई मशीन
सभी प्रकार के हियरिंग ऐड की बैटरी उपलब्ध
ईयर मोल्ड (कान का सांचा)
दो साल की वारंटी एवं प्रोग्रामिंग की सुविधा
तुतलाना, हकलाना, देर से बोलना सीखने
के लिये स्पीच थैरेपी
सभी मशीनों पर विशेष डिस्काउंट
रिचार्जेबल मशीन उपलब्ध
नि:शुल्क जांच
एवं परामर्श
की सुविधा
उपलब्ध
समय : दोपहर 3 से 7 बजे तक
डॉ.ईश्वर साहू
B.Sc. Audiology
9669192410
7892093389
पता: शॉप नं. 01, जिला अस्पताल बसंतपुर गेट नं. 2,
कर्मा भवन के पास, राजनांदगांव (छ.ग.) पिन कोड 491441
दूसरे एवं चौथे
रविवार को उपलब्ध
हेल्थकेयर पॉलिक्लिनिक न्यू बस स्टैण्ड के सामने, डोंगरगढ़


दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं
श्री राधे
जल्दी आयें... जल्दी पायें...
आपके शहर खैरागढ़ जिला में
नया आवासीय कॉलोनी
श्री राधे
जल्दी आयें... जल्दी पायें...
प्राकृतिक वातावरण के बीच आपके मन को आनंदित करने वाला
श्रीजी विहार
ग्राम तथा नगर निवेश नगर पालिका एवं रेरा से डायवर्टेड अनुमति प्राप्त कॉलोनी
प्लाट बुकिंग प्रारंभ
मो.- 7746058677
रोड, नाली, बिजली, पानी की व्यवस्था के साथ
प्रस्तावित कलेक्टर ऑफिस
केन्द्रीय विद्यालय
खसरा नं.- 15003
खम्हरिया खुर्द
विद्युत मंडल ऑफिस
इंडेन गैस गोदाम
श्रीजी विहार कॉलोनी
सरस्वती शिशु मंदिर
अवंती स्कूल
सरस्वती शिशु मंदिर के सामने, खैरागढ़ छुईखदान मार्ग लाराबन्ध खैरागढ़



खैरागढ़ की सबसे विश्वसनीय दुकान- विश्वास एवं शुद्धता का प्रतीक
दिवाली
बबलू सेठ की दुकान
जिनेन्द्र ज्वेलर्स एवं
जिनेन्द्र क्लॉथ स्टोर्स
अरिहंत, कवर्धा 83057-25255
इस दिपावली घर की लक्ष्मी को सजायें
जिनेन्द्र ज्वेलर्स के साथ...
सोने चांदी के आभूषणों के विक्रेता
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है।
सर्टिफाईड राशि रत्न उपलब्ध
प्रो. चमन डाकलिया
पता- गुजराती हॉटल के सामने, दीवान बाड़ा, खैरागढ़ मो. 81094-71006, 94255-63224


समस्त जिलेवासियों को
दीपावली
की हार्दिक बधाई
एवं शुभकामनाएं
श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल
विधायक, डोंगरगढ़


दीपावली पर्व
की हार्दिक बधाई
एवं शुभकामनाएं
भुनेश्वर बघेल
पूर्व विधायक डोंगरगढ़


दीप पर्व
की हार्दिक
शुभकामनाएँ
नवीन अग्रवाल
समाजसेवी
प्रदेश कोर कमेटी सदस्य व प्रदेश
महासचिव जनता कांग्रेस छ.ग. (जे.)
मो. 9340025114
श्री अग्रवाल एजेन्सीस
प्रो. नवीन अग्रवाल
अभिषेक अग्रवाल
धार्मिक एवं सामाजिक कार्यकर्ता
नगर अध्यक्ष विश्व हिन्दू परिषद, डोंगरगढ़
कोषाध्यक्ष श्री जटाशंकर मंदिर ट्रस्ट समिति
डोंगरगढ़, मो. 7000508214


सभी क्षेत्र एवं प्रदेशवासियों को
दीपावली एवं
गोवर्धन पूजा
की हार्दिक बधाई
एवं शुभकामनाएं
भारत सिंह राजपूत
अध्यक्ष, काली मंदिर,
पुराना बस स्टैण्ड डोंगरगढ़


दीपावली
की हार्दिक बधाई
एवं शुभकामनाएं
प्रीतपाल सिंह मिंटू भाटिया
समाजसेवी, डोंगरगढ़


जिले के समस्त नागरिकों को
दीपावली
की
हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाए...
अक्षय भंडारी
समाजसेवी डोंगरगढ़


* दीपोत्सव
* महावीर निर्वाणोत्सव
* गोवर्धन पूजा
* भाईदूज
* मातर की
डोंगरगाँव क्षेत्रवासियों को अनंत शुभकामनाएँ
दलेश्वर साहू
विधायक, डोंगरगाँव
सौजन्य : राहुल-प्रियंका फैंस क्लब


नाहटा ट्रेडर्स
मेनरोड डोंगरगांव
Goyal TMT अंबुजा सीमेंट व अल्ट्राटेक सीमेंट के अधिकृत विक्रेता
Ambuja Cement
GOEL TMT
UltraTech Cement
ROYAL TMT
STEEL BARS
नाहटा हार्डवेयर
राजाखुज्जी
उत्तम वस्त्र भंडार एण्ड ज्वेलर्स
मेनरोड राजाखुज्जी
सभी प्रकार के फैंसी साड़ियाँ
सलवार सूट, जीन्स, टी-शर्ट, शर्ट
सूटिंग्स, शर्टिंग्स, लुंगी, टावेल,
चादर व आधुनिकतम कपड़ों
के विक्रेता
पूरे परिवार के लिए रेडिमेड वस्त्रों की संपूर्ण रेंज एवं संपूर्ण होजियरी आईटम
सुयश नाहटा 9630277755
सौरभ नाहटा 7869645001
आशीर्वादक : उत्तमचंद नाहटा 7869962460
लोमन देवांगन 7869721903
गजेन्द्र साहू 6260153702
संजू साहू 7067654271
दयाराम देवांगन 6260267522


दीपावली
की
हार्दिक बधाई
एवं
शुभकामनाएं
महेन्द्र यादव
सदस्य
जिला पंचायत राजनांदगांव


डोंगरगांव वासियों को
दीपावली एवं गोवर्धन पूजा
की हार्दिक बधाई
एवं शुभकामनाएं
डॉ. निरेन्द्र साहू
वरिष्ठ भाजपा नेता
डिकेश साहू
पार्षद, नगर पंचायत डोंगरगांव
सौजन्य : महेश्वर साहू


मान. विष्णुदेव साय
मुख्यमंत्री, छग शासन
मान. डॉ. रमन सिंह
विधायक एवं पूर्व मुख्यमंत्री
सहकारिता मंत्री
मान. संतोष पाण्डेय
सांसद, राजनांदगांव
मान. सचिन बघेल
अध्यक्ष, जिला सह.के.बैंक
मान. दिनेश गांधी
डोंगरगांव
मान. भरत वर्मा
प्रदेश महामंत्री, भाजपा
क्षेत्र के समस्त
किसान भाईयों
एवं नागरिकों को
दीपावली की हार्दिक बधाई...
सेवा सहकारी समिति
मर्या. डोंगरगांव
(पं. क्र. 2020)
श्री तुलसीदास यादव
समिति प्रबंधक
सेवा सहकारी समिति
मर्या. कोकपुर
(पं. क्र. 117)
श्री कुन्दन साहू
समिति प्रबंधक
सेवा सहकारी समिति
मर्या. खुर्सीटिकुल
(पं. क्र. 1110)
श्री संतोष कुमार साहू
समिति प्रबंधक
सेवा सहकारी समिति
मर्या. अर्जुनी
(पं. क्र. 63)
श्री लिखन सोनकर
समिति प्रबंधक
सेवा सहकारी समिति
मर्या. चारभांठा (कु.)
(पं. क्र. 1118)
श्री धर्मेन्द्र पटेल
समिति प्रबंधक
सेवा सहकारी समिति
मर्या. दीवानभेड़ी
(पं. क्र. 1189)
श्री होली पटेल
समिति प्रबंधक
सेवा सहकारी समिति
मर्या. कुमर्दा
(पं. क्र. 1108)
श्री मानक लाल साहू
समिति प्रबंधक
सेवा सहकारी समिति
मर्या. बादराटोला
(पं. क्र. 1102)
श्री टिकेश कुमार साहू
समिति प्रबंधक

# 'भविष्य' के 'भविष्य' को रौशन करता ज्ञान का दीपक

## सरकारी प्राथमिक शाला गनेरी के बच्चे फर्राटे से पढ़ते हैं अंग्रेजी

धन्यकुमार जैन ⏭ राजनांदगांव

रौशनी का पर्व दिवाली कल है। लोग दिवाली के मौके पर परंपरिक रूप से लक्ष्मी सहित अन्य देवी-देवताओं की पूजा करने के पहले अपने घरों को दीपक से रौशन करेंगे। वहीं कुछ ऐसे भी लोग हैं, जो अपनी क्षमता का उपयोग कर भविष्य के भविष्य को रौशन करने जुटे हैं। ब्लाक के अधीन आने वाले ग्राम गनेरी में संचालित प्राथमिक शाला में ऐसे बच्चे तैयार हो रहे हैं, जो समय से पहले एक ऐसी विदेशी भाषा। जिसमे गांव के बच्चे अक्सर फिसड्डी साबित होते हैं, में पारंगत हो रहे हैं। प्राथमिक शाला गनेरी में पदस्थ शिक्षिका कविता शर्मा पदस्थापना के बाद से गांव के बच्चों को अंग्रेजी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों के समकक्ष खड़े करने के अभिनव प्रयास में जुटी है। वह कहती हैं कि गांव के बच्चों में भी प्रतिभा होती है, किन्तु उसे निखारने की दिशा में सही प्रयास नहीं होने के कारण प्रतिभा गांव में ही दम तोड़ देती है। बच्चों की क्षमता को देखते हुए उन्होंने हिंदी माध्यम स्कूल होने के बाद भी अंग्रेजी पढ़ाना शुरू किया। वर्तमान में स्थिति यह है कि कक्षा तीसरी से पांचवी तक के बच्चे न सिर्फ अंग्रेजी पढ़-लिख लेते हैं, बल्कि संविधान की शपथ, मौलिक अधिकार, कर्तव्य, महापुरुषों के नाम, उनकी उपलब्धियां, ग्रहों के नाम फर्राटे से बताते हैं। प्रधानपाठक सदिका अंसारी, शिक्षिका केसरी देवांगन के सतत मार्गदर्शन और श्रीमती शर्मा के सतत प्रयास से कक्षा पहली के बच्चे कक्षा पांचवी की किताबों को धाराप्रवाह पढ़ लेते हैं।



### बच्चे दिखा रहे जलवा

ब्लॉक मुख्यालय से करीब छह किमी दूर स्थित इस गांव के बच्चों में अब इतना कान्फिडेंस आ गया है कि अब गांव से बाहर आकर शहरों में अपने नाम का डंका बजा रहे हैं। इस गांव के बच्चे राष्ट्रीय विज्ञान प्रदर्शनी में प्रथम स्थान हासिल करने के अलावा जिला स्तरीय खेल में शिरकत कर चुके हैं। इस शाला के संदीप कुमार का नवोदय, दानवीर और मुलेश का एकलव्य विद्यालय में प्रवेश के लिए चयन हो चुका है तो लक्ष्मी कन्या शिक्षा परिसर में पढ़ाई कर रही है।

### जब कलेक्टर हो गए दंग

करीब 450 आबादी वाले गनेरी में एसटी और ओबीसी समुदाय के लोगों की बाहुल्यता है। यहां के लोगों की आय का एकमात्र जरिया खेती है। कुछ साल पहले एक घटना होने के बाद तत्कालीन कलेक्टर जेपी मौर्य गांव आए थे। अपने प्रवास के दौरान जब वह अचानक स्कूल पहुंचकर उन्होंने बच्चों की बौद्धिक क्षमता को देखा तो वह भी दंग रह गए थे।



### गांव के बच्चे ऐसे बने स्मार्ट

शिक्षिका श्रीमती शर्मा ने बताया कि कुछ साल उन्होंने रूम-टू रीड का प्रशिक्षण हासिल किया था। वहां जो कुछ सिखाया गया, उसका पूरा उपयोग करने के साथ सीबीएसई की किताबों के माध्यम से बच्चों को पढ़ाना शुरू किया। जिसके सार्थक परिणाम शीघ्र ही दिखाई देने लगे थे। परिणाम से उत्साहित होकर उन्होंने सम्पर्क दीदी नामक रेडियो डिवाइस का उपयोग कर बच्चों को हिंदी के साथ अंग्रेजी में भी पारंगत बनाने का प्रयास शुरू किया। कुछ नया हासिल करने की ललक के कारण बच्चे जो कभी हिंदी में अपना नाम तक सही नहीं लिख पाते थे, वह अब बेझिझक अंग्रेजी पढ़ और बोल लेते हैं।

पाठक सूचना
राजनांदगांव जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319268069, 9425565082




**न्यायालय नायब तहसीलदार तुमड़ीबोड़**
**मामले की श्रेणी: राजस्व**
संदर्भः- जिला - राजनांदगाँव तहसील डोंगरगांव प.ह.न.-00004 तुमड़ीबोड़ ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक-CG-2024-25-125-1-3638

**ईश्तहार**

तहसील डोंगरगांव के प.ह.न. 00004 के अंतर्गत ग्राम तुमड़ीबोड़ के वर्तमान भूमिस्वामी मनोज डागा पिता/पति स्व केदारनाथ डागा पता लखोली रोड राजनांदगांव छ ग के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 363/1 (0.2020 ) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता श्री सालासर बालाजी फेरो एलायस प्रा.लि. पिता/पति - NA पता-रजिस्ट्रर्ड ऑफीस नं. 220/221 अरिहंत कॉम्प्लेक्स स्टेशन रोड़ रायपुर (छ.ग.) पिन नंबर 492001 के नाम पर पंजीयन/ फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरुस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 06/11/2024 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय नायब तहसीलदार तुमड़ीबोड़ पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 30/10/2024 को जारी किया जाता है।

मुहर
नायब तहसीलदार : ABDUL VASHIM SIDDIQUI
तहसील - डोंगरगांव

**न्यायालय नायब तहसीलदार तुमड़ीबोड़**
**मामले की श्रेणी: राजस्व**
संदर्भः- जिला - राजनांदगाँव तहसील डोंगरगांव प.ह.न.-00004 तुमड़ीबोड़ ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक-CG-2024-25-125-1-3640

**ईश्तहार**

तहसील डोंगरगांव के प.ह.न. 00004 के अंतर्गत ग्राम तुमड़ीबोड़ के वर्तमान भूमिस्वामी श्री विष्णु पावर एण्ड एनर्जी प्रा.लि. पिता/पति- Na पता रजिस्ट्रर्ड ऑफीस नं. 24, लाखोली रोड़ राजनांदगाव (छ.ग.) 491441 के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 364/3 (0.1490) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता श्री सालासर बालाजी फेरो एलायस प्रा.लि. पिता/पति - NA पता - रजिस्ट्रर्ड ऑफीस नं. 220/221 अरिहंत कॉम्प्लेक्स स्टेशन रोड़ रायपुर (छ.ग.) पिन नंबर 492001 के नाम पर पंजीयन / फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती /खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 06/11/2024 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय नायब तहसीलदार तुमड़ीबोड़ पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 30/10/2024 को जारी किया जाता है।

मुहर
नायब तहसीलदार : ABDUL VASHIM SIDDIQUI
तहसील - डोंगरगांव

**न्यायालय नायब तहसीलदार तुमड़ीबोड़**
**मामले की श्रेणी: राजस्व**
संदर्भः- जिला - राजनांदगाँव तहसील डोंगरगांव प.ह.न.-00003 सिवनीखुर्द ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक-CG-2024-25-125-1-3644

**ईश्तहार**

तहसील डोंगरगांव के प.ह.न. 00003 के अंतर्गत ग्राम सिवनीखुर्द के वर्तमान भूमिस्वामी दीपक डागा पिता/पति स्व. श्री केदारनाथ डागा पता - निवासी म. नं. 442 / ख, वार्ड नंबर 35, लाखोली रोड़, राजनांदगाव तहसील व जिला - राजनांदगांव (छ.ग.) पिन नंबर - 491441 के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 192/1 (0.0360), 192/4(1.3780), 192/3(1.0030) में प्रस्तावित भूमिस्वामी / क्रेता श्री सालासर बालाजी फेरो एलायस प्रा.लि. पिता/पति - NA पता - रजिस्ट्रर्ड ऑफीस नं. 220/221 अरिहंत कॉम्प्लेक्स स्टेशन रोड़ रायपुर (छ.ग.) पिन नंबर 492001 के नाम पर पंजीयन / फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरुस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 06/11/2024 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय नायब तहसीलदार तुमड़ीबोड़ पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 30/10/2024 को जारी किया जाता है।

मुहर
नायब तहसीलदार : ABDUL VASHIM SIDDIQUI
तहसील - डोंगरगांव

**न्यायालय नायब तहसीलदार तुमड़ीबोड़**
**मामले की श्रेणी: राजस्व**
संदर्भः- जिला - राजनांदगाँव तहसील डोंगरगांव प.ह.न.-00004 तुमड़ीबोड़ ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक-CG-2024-25-125-1-3645

**ईश्तहार**

तहसील डोंगरगांव के प.ह.न. 00004 के अंतर्गत ग्राम तुमड़ीबोड़ के वर्तमान भूमिस्वामी श्री विष्णु पावर एण्ड एनर्जी प्रा.लि. पिता/पति - NA पता - रजिस्ट्रर्ड ऑफीस नं. 24, लाखोली रोड़ राजनांदगाव (छ.ग.) - 491441 के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 363/4 (0.4050), 358/2 (0.0440), 356/1(0.3560), 364/1 (0.2830), 364/2 (0.1320), 365/1 (0.5220) में प्रस्तावित भूमिस्वामी / क्रेता श्री सालासर बालाजी फेरो एलायस प्रा.लि. पिता/पति - NA पता - रजिस्ट्रर्ड ऑफीस नं. 220/221 अरिहंत कॉम्प्लेक्स स्टेशन रोड़ रायपुर (छ.ग.) पिन नंबर - 492001 के नाम पर पंजीयन / फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरुस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 06/11/2024 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय नायब तहसीलदार तुमड़ीबोड़ पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 30/10/2024 को जारी किया जाता है।

मुहर
नायब तहसीलदार : ABDUL VASHIM SIDDIQUI
तहसील - डोंगरगांव

**न्यायालय नायब तहसीलदार तुमड़ीबोड़**
**मामले की श्रेणी: राजस्व**
संदर्भः- जिला - राजनांदगाँव तहसील डोंगरगांव प.ह.न.-00004 तुमड़ीबोड़ ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक-CG-2024-25-125-1-3646

**ईश्तहार**

तहसील डोंगरगांव के प.ह.न. 00004 के अंतर्गत ग्राम तुमड़ीबोड़ के वर्तमान भूमिस्वामी मेसर्स विष्णु पावर एण्ड एनर्जी प्रा.लि. पिता/पति - NA पता - रजिस्ट्रर्ड ऑफीस नं. 24, लाखोली रोड़ राजनांदगाव (छ.ग.) - 491441 के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 363/5 (0.4930), 363/6 (0.4860), 358/1 (1.2870) में प्रस्तावित भूमिस्वामी / क्रेता श्री सालासर बालाजी फेरो एलायस प्रा.लि. पिता/पति - NA पता रजिस्ट्रर्ड ऑफीस नं. 220/221 अरिहंत कॉम्प्लेक्स स्टेशन रोड़ रायपुर (छ.ग.) पिन नंबर 492001 के नाम पर पंजीयन / फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण/ अभिलेख दुरुस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 06/11/2024 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय नायब तहसीलदार तुमड़ीबोड़ पर की जावेगी ।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 30/10/2024 को जारी किया जाता है।

मुहर
नायब तहसीलदार : ABDUL VASHIM SIDDIQUI
तहसील - डोंगरगांव






हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, गुरूवार, 31 अक्टूबर 2024



### रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की दी जाएगी प्रस्तुति

# दीपावली की तैयारियां लगभग पूरी आज मनाया जाएगा दीपोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

हिन्दु पर्वो के महापर्व दीपावली की तैयारियां लोगों द्वारा लगभग पूरी कर ली गई हैं। इस बार तिथियों के भ्रम में कवर्धा सहति अंचल में 31 अक्टूबर को दीपावली मनाई जा रही है। जिसके मद्देनजर घरों व प्रतिष्ठानो की लिपाई-पुताई व साफ-सफाई के बाद अब लोगों की खासी चहलकदमी बाजार में नजर आ रही है। जहां वे त्यौहार में उपयोगी साजो सामान से लेकर ना-ना प्रकार की चीजों की खरीदी कर रहे हैं। पर्व को लेकर लोगों के इस उत्साह को देखते हुए बाजार भी पूरी तरह खरीददारों की मांग व पसंद के अनुरूप सजा दिया गया है। बाजार में दीपावली के लिए कपड़ा, सोना, चांदी, बर्तन, पूजन सामग्री, सजावटी सामग्री, पूजा-पाठ की सामग्री, रंगोली, पटाखा, मिठाई आदि की दर्जनो दुकाने सजाई गई है। जिनमें धनतेरस के रोज से ही खरीददारों की भारी भीड़ उमड़ रही है। आलम ये है कि सुबह से लेकर देररात तक बाजार में रोनक नजर आ रही है। खासकर शाम के समय तो दुकानो में पैर रखने की जगह नहीं मिल रही है। सार्वधिक भीड़ कपड़ा दुकान, भिठाई दुकान तथा पटाखा बाजार तथा पूजन सामग्री विक्रेताओं की दुकानों में नजर आ रही है। माना जा रहा है कि बाजार में मची यह गहमा गहमी 31 अक्टूबर की शाम लक्ष्मी पूजा के पूर्व तक इसी तरह बनी रहेगी और लोग अपनी आवश्यकता तथा जरूरत के साजो सामान की खरीददारी करते रहेंगे। बाजार में मची इस गहमागहमी को देखते हुए पुलिस प्रशासन भी मुस्तैद नजर आ रहा है। कानून व्यवस्था से लेकर पार्किंग व्यवस्था तथा यातायात व्यवस्था को व्यवस्थित रखने के लिए लगातार पुलिस बल और अधिकारी जिला मुख्यालय से लेकर आसपास के ईलाकों में गस्त कर रहे हैं। यहां बताना लाजमी होगा कि हिन्दु पर्वो में दीपावली एक महापर्व है जो पूरे पांच पर्वो की श्रृंखला है और हर पर्व की अपनी परम्पराए मान्यता व उपयोगिता है। दीप महोत्सव की यह श्रृंखला धनतेरस के रोज से प्रारंभ हो जाती है। धनतेरस के तीसरे दिन दीपावली और दीपावली के बाद क्रमशः गोवर्धन पूजा, भाईदूज तथा अंत में तुलसी विवाह अथवा एकादशी मनाई जाती है। यही वजह है कि लोग दीपावली को लेकर खास तैयारियां करते है और उनकी यह तैयारी पर्व के कई दिन पूर्व ही प्रारंभ हो जाती है। हालांकि अब लोगों की यह तैयारी अंतिम दौर में है और वे 31 अक्टूबर के उस शुभ मुहूर्त के इंतजार में है जब वे अपने परिवार के साथ विधि-विधान से मां लक्ष्मी की पूजा अर्चना कर उन्हें प्रशन्न कर सकें।

### पसरा दुकानों सहित स्थाई दुकानों में ग्राहकी



दीपावली के पर्व को देखते हुए जहां नगर के बाजार और स्थाई दुकानों में भारी भीड़ देखने को मिल रही है वहीं पर्व उपयोगी समानो को लेकर बाजार में लगाए गए अस्थाई पसरों में भी अच्छी खासी ग्राहकी देखने को मिल रही है। इस पसरों में मुख्य रूप से लाई, बतासा, मिट्टी के दिया, पोनी, सिंघाड़ा, सीताफल, मिट्टी से निर्मित मां लक्ष्मी, भगवान गणेश तथा मां सरस्वती की प्रतिमाएं बिक रही है। जिन्हें लोगों द्वारा खरीदा जा रहा है। इस तरह के पर्व उपयोगी सामनो के पसरा नगर के प्रायः हर चौक चौराहों में देखने को मिल रहे हैं और उनमें खरीददारों की भारी भीड़ भी देखने को मिल रही है। इसके अलावा स्थाई दुकनों में विशेष कर पटाखा, मिठाई, कपड़ा, पूजन सामग्री की दुकानों में लोगों की भीड़ जुटर रही है। कुल मिलाकर लोग दीपावली की तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटे हैं।

## कुण्डा-महली मार्ग की हालत खस्ता क्षेत्रवासियों को उठानी पड़ रही है परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुण्डा

विकासखण्ड पंडरिया के ग्राम कुण्डा से महली मार्ग की मौजूदा हालत बेहद जर्जर व खस्ताहाल हो चुकी है। जिससे ग्रामीणों को ब्लाक मुख्यालय पंडरिया आने जाने में खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बताया जाता है कि वर्षो पूर्व निर्मित यह सड़क वर्तमान में पूरी तरह उखड़ चुकी है और पूरे मार्ग में जगह-जगह गड्ढे निर्मित हो चुके हैं। यहां बताना लाजमी होगा कि ग्राम कुण्डा सहित आसपास के ग्रामीण इस मार्ग से अखरा, खम्हरिया, गुंझेटा, रेंगाबोड़, दुल्लापुर, महली होते हुए ब्लाक मुख्यालय पंडरिया आना-जाना करते हैं। लेकिन कुण्डा से महली तक करीब 7 किलो मीटर का यह मार्ग अब आने-जाने लायक नहीं रह गया है। जिसके चलते ग्रामीण वाहन चालक अब करीब 6 किलो मीटर की अतिरिक्त दूरी तय कर कुण्डा से महका सैन्हाभाठा होते हुए ब्लाक मुख्यालय की दूरी नाप रहे हैं। क्षेत्र के ग्रामीणों ने बताया कि इस खस्ताहाल सड़क मरम्मत की मांग कई बार शासन-प्रशासन तथा क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों से की जा चुकी है लेकिन कार्यवाही शून्य है। जिसका खामियाजा सार्वधिक उन स्कूली बच्चों को भुगतान पड़ रहा है जो प्रतिदिन आसपास के ग्रामीण अंचलों से कुण्डा के स्कूलों में पढने-लिखने आते हैं। खस्ताहाल सड़क होने के कारण इन विद्यार्थियों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन तथा क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों ने जल्द से जल्द कुण्डा-महली मार्ग का नवीनीकरण अथवा मरम्मत कराए जाने की मांग की है।



### रवेली में राष्ट्रीय एकता दौड़ के साथ अस्पताल में की गई सेवा




**रवेली।** भारत सरकार, युवा कार्यक्रम खेल मंत्रालय तथा रासेयो क्षेत्रीय निदेशालय मध्य प्रदेश एवं छत्तीसगढ़ से प्राप्त निर्देशानुसार रासेयो जिला संगठक बेमेतरा एवं कबीरधाम डॉ कामती सिंह परिहार के मार्गदर्शन में शहीद नरेन्द्र शर्मा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रवेली में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों के द्वारा देश के प्रथम गृह मंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल के जन्म दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय एकता दिवस पर एकता दौड़ का आयोजन किया गया। रन फॉर यूनिटी में हिस्सा लेते हुए स्कूल के विद्यार्थियो ने राष्ट्रीय एकता और अखंडता का संदेश दिया। उन्होंने सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर आयोजित इस दौड़ को प्रेरणादायक बताते हुए व्याख्याता वीरेंद्र कुमार शर्मा ने हरी झंडी दिखाई। इस आयोजन का उद्देश्य सभी को एकजुट होकर देश की प्रगति में योगदान देने और फिटनेस की महत्व को बढ़ावा देना है। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय एकता दौड़ के पश्चात विद्यार्थियो ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रवेली जाकर अस्पताल में सेवा कार्य भी सिखा जिसमें मेडिकल ऑफिसर डॉ. गेमेश चौधरी और स्टाफ ने बच्चो को नियमित समय में नाश्ता, उचित खानपान करने और स्वस्थ्य रहने का उचित मार्गदर्शन दिया विद्यार्थी एकता दौड़ और सेवा कार्य सीख कर उत्साहित थे इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी जितेन्द्र कुमार राजपूत , व्याख्याता वीरेन्द्र कुमार शर्मा, किशनलाल सत्यवंशी, विजय कुमार चंद्रवंशी, सुश्री राधिका मंडावी, मनोहर सिंह धुर्वे और सभी स्वयं सेवक उपस्थित थे।



## सड़क निर्माण से बढ़ेगी आर्थिक गतिविधियां, स्थानीय बुनियादी ढांचा होगा मजबूत: उपमुख्यमंत्री

# डिप्टी सीएम ने 2.91 करोड़ की लागत से भेलवाभांवर मार्ग का किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने जिले के ग्राम बारदी में 2 करोड़ 91 लाख 55 हजार रुपए की लागत से 1.3 किलो मीटर लंबी भेलवा भांवर मार्ग का विधिवत भूमिपूजन किया। सड़क मार्ग निर्माण की यह पहल जिले के विकास को गति देने के लिए महत्वपूर्ण है, जिससे स्थानीय बुनियादी ढांचे में सुधार होगा और क्षेत्रवासियों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा को ग्रामीणों ने सड़क निर्माण के लिए आग्रह किया था, जिसे उन्होंने तत्परता से स्वीकार कर स्वीकृति दी, वहीं बुधवार को भूमि पूजन किया गया। इस अवसर पर पूर्व विधायक अशोक साहू, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष संतोष पटेल, कमलकांत नाविक सहित सरपंच, पंच, जनप्रतिनिधि व ग्रामीण जन उपस्थित थे।

उपमुख्यमंत्री ने भूमिपूजन कार्यक्रम में कहा कि विकास के लिए मजबूत बुनियादी ढांचा आवश्यक है और यह परियोजना स्थानीय समुदाय की जरूरतों को पूरा करेगी। उन्होंने बताया कि सरकार गांवों में बेहतर सड़कें और सुविधाएं प्रदान करने के लिए लगातार प्रयासरत है। उन्होंने ग्रामीणों से सहयोग कि अपील की और विश्वास दिलाया कि सभी कार्य समय पर और गुणवत्ता के साथ पूरे होंगे। उन्होंने कहा की मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार ग्रामीण विकास के प्रति प्रतिबद्ध है, उपमुख्यमंत्री कहा की सभी विकास कार्य समय पर पूर्ण किए जाएंगे, जिससे क्षेत्र में समग्र प्रगति संभव हो सके। ग्रामीणों ने कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री के प्रति आभार प्रकट किया। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि इस सड़क के निर्माण से आवागमन में सुविधा होगी, बल्कि क्षेत्र की आर्थिक गतिविधियों को भी प्रोत्साहन मिलेगा। गांवों में बुनियादी ढांचे को मजबूत करना हमारी प्राथमिकता है ताकि हर व्यक्ति को बेहतर सुविधाएं मिल सकें।






### ग्रामीणों की वर्षो पुरानी मांग हुई पूरी, भारी उत्साह

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा द्वारा भेलवा भांवर मार्ग के भूमिपूजन के साथ ही ग्रामीणों की बरसों पुरानी मांग पूरी हो गई। लंबे समय से इस मार्ग की आवश्यकता महसूस की जा रही थी और ग्रामीणों ने इसके निर्माण के लिए उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा से अनुरोध किया था। इस सड़क के निर्माण से न केवल आवागमन में सुधार होगा, बल्कि इससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी। ग्रामीणों ने इस पहल के लिए छत्तीसगढ़ सरकार का आभार व्यक्त किया। जिस पर ग्रामीण गणेश साहू, ठाकुरराम, परसराम, विष्णु, निहोरा साहू ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बताया कि यह सड़क उनकी बरसों पुरानी मांग थी। जिसे अब उपमुख्यमंत्री ने पूरा कर दिया है, उन्होंने कहा कि इस मार्ग के निर्माण से गांव के विकास को नई दिशा मिलेगी और लोगों के आवागमन में बड़ी राहत मिलेगी।



# क्षेत्र के गांव गांव विराजी मां लक्ष्मी, ग्रामीणों व भक्तों में भारी उत्साह

- मां लक्ष्मी की विधि विधान से पूजा अर्चना कर सुख शांति व समृद्धि की आशीर्वाद प्राप्त किया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶बरबसपुर

शहर सहित क्षेत्र में दीपावली पर्व धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में मां लक्ष्मी मूर्ति प्रतिमा स्थापित कर विधि विधान से पूजा अर्चना कर सुख शांति व समृद्धि की आशीर्वाद प्राप्त किया।

ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार दीपावली पर्व को लेकर गली माहेल्ले तथा चौक चौराहे में आकर्षक पंडाल बनाकर मां लक्ष्मी की सुख समृद्धि व शांति के लिए मनोकामनाएं व पूजा अर्चना के साथ मां लक्ष्मी की प्रतिमा स्थापित किया गया। ग्रामीणों द्वारा मां लक्ष्मी युवा समितियां ने पंडाल बनाकर मां लक्ष्मी की प्रतिमा स्थापित की गई है धनतेरस के रोज स्थापित कर मां लक्ष्मी की प्रतिमाओं का दीपावली के दूसरे रोज हवन पूजा के बाद शोभा यात्रा निकालकर मां लक्ष्मी की विदाई दी जाएगी। वहीं ग्राम सिंघनपुरी, हरिनछपरा, दौजरी, जेवडन खुर्द, बाझीमहुआ, सारंगपुर खुर्द में भारी उत्साह का माहौल बना हुआ है।


## खबर संक्षेप

### गांव गांव विराजे मां लक्ष्मी की प्रतिमाएं, ग्रामीणों व भक्तों में उत्साह



**हरिभूमि कोलेगांव।** विकासखंड पंडरिया अंतर्गत ग्राम कोलेगांव, अमलीमालगी, कुआमालगी, मोहतरा कला, भगतपुर, धनेली, बसनी, पीपरमाटी, घोरपेण्ड्री, पेण्ड्रीकला सहित आसपास क्षेत्र में दीपावली पर्व धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाने ग्रामीणों में खासा उत्साह सहित क्षेत्र में मां लक्ष्मी प्रतिमाएं विराजित कर समितियां द्वारा विधि विधान से पूजा अर्चना करते हुए सुबह शाम आरती व भव्य श्रृंगार किया साथ ही साथ रात्रि कालीन को जस गीत का आयोजन किया जा रहा है। वहीं ग्राम कोलेगांव में दीपावली पर्व पर छोटे-छोटे बालिकाओं द्वारा रंगोली प्रतियोगिता भी आयोजन किया गया जिसमें सुन्दर व मनमोहक रंगोली प्रतिभागियों को समितियां द्वारा विशेष पुरस्कार दिया जाएगा।

# काली मंदिर में दिवाली पर्व पर मध्य रात्रि होती है महाआरती



हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

धर्म नगरी कवर्धा की एक ऐसी देवी सिद्धपीठ मंदिर जहां विगत 46 वर्षों से दीपावली पर्व अमावस्या की मध्यरात्रि महालक्ष्मी के रूप में महाआरती की जाती है जबकि वह काली स्वरूप हैं। श्रद्धालुओं के मन में प्रश्न उठना स्वाभाविक है कि ऐसा क्यों? जिस पर इतिहासकार आदित्य श्रीवास्तव ने बताया कि कवर्धा नगर की प्रमुख आराध्य देवी जगत जननी मां काली नगर की पूर्व दिशा में विराजित होकर अपने भक्तों का कल्याण कर रही हैं।

उन्होने बताया कि यहां स्थापित मां काली में तीन देवियों का रूप अंतर्निहित है मां महाकाली, मां महालक्ष्मी और मां महासरस्वती चतुर्भुजी रूप में माता अपने ऊपरी बाएं हाथ में कमल धारण की हुई हैं, इस रहस्य का ज्ञान होने पर विगत 46 वर्षों से कार्तिक अमावस्या की मध्य रात्रि दीपावली पर मां के इस महालक्ष्मी रूप की महा आरती की जाती है। प्रायः इस आरती में पूर्व मुख्यमंत्री व वर्तमान विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह सम्मिलित होते रहे हैं। यदि हम ऐसे ही त्रिदेवियों का रूप एक ही देवी में अंतर्निहित मूर्ति की बात करें तो काशी में स्थित लक्ष्मी कुंड नाम का एक मंदिर है जिसका वर्णन पुराणों में भी मिलता है। इस मंदिर को शक्तिपीठ के रूप में भी जाना जाता है। लक्ष्मी कुंड मंदिर में माता लक्ष्मी विग्रह रुप में मौजूद हैं। इस मंदिर में देवी लक्ष्मी, देवी काली और माता सरस्वती, एक ही मूर्ति में विराजमान हैं। एक ही मूर्ति में माता के तीनों रूपों की पूजा की जाती है। लक्ष्मी कुंड मंदिर में देवी लक्ष्मी को महालक्ष्मी के नाम से जाना जाता है। वाराणसी के लोगों का मानना है कि यहां माता लक्ष्मी के साथ भगवान विष्णु भी निवास करते हैं। धर्म नगरी कवर्धा के भक्त परम सौभाग्यशाली हैं कि माता का यह दिव्य रूप कवर्धा में विराजमान हैं।

# प्राथमिक शाला मक्के में छात्र-छात्राओं ने धूमधाम से मनाया दीपोत्सव

- विद्यार्थियों ने शानदार मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम सुआ गीत की प्रस्तुति दी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा




शासकीय प्राथमिक शाला मक्के में दीपावली हर्षल्लास व धूमधाम के साथ मनाया गया इस अवसर पर छात्र छात्राओं द्वारा रंगोली व दीपावली पर्व पर साज-सजा कर रंगोली तैयार किया गया।

जिसमें शुभ दीपावली व धनतेरस एवं रंगोली के माध्यम से छात्राओं ने शानदार मनमोहक रंगोली बनाई, जिसमें छात्रा रूपांजलि, नंदनी, नंदरानी, लीलिमा, अनन्या, सोनम, दुर्गेश्वरी, तामिनी, नीलम द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम जिसमें सुआ गीत प्रस्तुत किया गया, विद्यार्थियों एक-दूसरे को शुभकामना दी।

अंत में सभी विद्यार्थियों को दीपावली की शुभकामनाएं के साथ पढ़ाई-लिखाई एवं पटाखे फोड़ेन में सावधानियां बरतने आवश्यक दिशा निर्देश दिए, जिस पर प्रधान पाठक श्रीमती एलविना विलसन ने बधाई दी। इस अवसर पर संकुल समन्वयक रामसिंह साहू, शिक्षक सुरतिया राम साहू, मुरली झरिया, निर्मल पात्रे, अशोक पांडेय, कपूरराम चंद्रवंशी, कौशल खाण्डे, युगल किशोर साहू, शाला प्रबंध समिति अध्यक्ष अयोध्या साहू, उपाध्यक्ष श्रीमती दुखिया साहू, सदस्य व पालक तथा छात्र छात्राएं उपस्थित थें।

## घुघरीकला में विद्यार्थियों ने रंगोली से बनाई मनमोहक रंगोली कलाकृति



**हरिभूमि कवर्धा।** दीपावली पर्व के शुभ अवसर पर शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला घुघरी कला में बालक बालिकाओं द्वारा शानदार मनमोहक रंगोली कलाकृति बनाया गया एवं शाला में दीपक जलाकर दीपावली पर्व धूमधाम से मनाया गया तथा शाला में प्रतिदिन गरम ताजा भोजन कराने वाले रसोईया को शाला परिवार द्वारा साड़ी भेंटकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर शाला प्रधान पाठक धर्मेंद्र शर्मा, शिक्षक रुपेश तिवारी, रोहित साहू, शिक्षिका श्रीमती सुशीला कुर्रे, श्रीमती विद्या साहू द्वारा सभी बच्चों को दीपावली की बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

## समाज एवं राष्ट्र के नव निर्माण में प्रमुख भूमिका निभाएं निर्मलकर समाज ने

# राष्ट्रीय रजक महासंघ के प्रदेश संरक्षक तुलसी व प्रदेश अध्यक्ष विश्राम का पदाधिकारी ने किया आत्मीय सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

राष्ट्रीय रजक महासंघ के प्रदेश संरक्षक एवं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निज सहायक तुलसी कौशिक एवं राष्ट्रीय रजक महासंघ प्रदेश अध्यक्ष विश्राम निर्मलकर के सम्मान में सम्मान समारोह का आयोजन निर्मलकर समाज जिला कबीरधाम एवं पंडरिया परिक्षेत्र के संयुक्त तत्वाधान में ग्राम खम्हरिया-कुण्डा मे भव्य आयोजन किया गया। अतिथियों का आतिशी स्वागत पश्चात अतिथियों द्वारा संत गाडगे महाराज के तैल चित्र पर पूजा अर्चना किया गया।



तत्पश्चात जिला कबीरधाम एवं पंडरिया परिक्षेत्र के पदाधिकारी के द्वारा मंचासीन अतिथियों का माल्यार्पण से स्वागत एवं अंग वस्त्र मोमेंटो भेंटकर सम्मान किया गया। समाज को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि तुलसी कौशिक ने अपने उद्बोधन में कहा कि देश हमें देता है सब कुछ, हम भी तो कुछ देना सीखें। जिन देशभक्ति के त्याग बलिदान के परिणाम स्वरूप भारत स्वतंत्र हुआ है उन बलिदानियों पूर्ण स्मरण करते हुए देश के प्रति समर्पण भाव से समाज व राष्ट्र के लिए कार्य करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि बड़े-बड़े राजा और महाराज भी इस देश में हुए, लेकिन आज उनका नाम लेने वाला कोई नहीं है परंतु देश के लिए अपना सब कुछ न्योछावर करने वाले ऐसे देशभक्त हुए जिनका पुण्य स्मरण देश हमेशा करता रहेगा। भारतीय संस्कृति को विश्व के पटल पर स्थापित करने के लिए हमें भारत माता के वैभव को परम शिखर पर पहुंचने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को ऐसा कार्य करना पड़ेगा कि भारत माता का सर ऊंचा हो।

उन्होंने आगे कहा कि भारत की गौरव गाथा को स्थापित करने के लिए भारत को सोने की चिड़िया बनाने के लिए भारतीय संस्कृति को उच्चतम सोपान पर स्थापित करने के लिए देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के साथ रजक समाज को भी अपना योगदान प्रदान करने की आवश्यकता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्रदेश अध्यक्ष विश्राम निर्मलकर ने संबोधित करते हुए कहा कि समाज का सर्वांगीण विकास तभी हो सकता है जब हम संत गाडगे महाराज के बताएं मार्ग पर चले उन्हें अपने आदर्श मानते हुए धार्मिक भावना से प्रेरित होकर कार्य करें। श्री निर्मलकर ने कहा कि आज देश के पीएम नरेंद्र मोदी द्वारा जो स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है इस स्वच्छता अभियान के जनक संत गाडगे महाराज ही है इसलिए रजक समाज के सभी बंधुओ को गर्व होना चाहिए एवं स्वच्छता अभियान व शिक्षा को अपनाकर, कुरीतियों को त्यागकर, समाज में सद्भाव का वातावरण बनाकर, संत गाडगे महाराज के बताए मार्ग पर चलकर ही समाज का सर्वांगीण विकास हो सकता है। कार्यक्रम का सफल संचालन परषोत्तम निर्मलकर युवा समाजसेवी ने किया आभार प्रदर्शन लखन लाल निर्मलकर प्रधान पाठक ने किया। इस अवसर पर आसपास क्षेत्र के पदाधिकारी, गणमान्य नागरिक व समस्त स्वजाति बंधु गण बड़ी संख्या में उपस्थित थें।









## 44 विकास मूलक कार्यों का विधिवत भूमिपूजन किया

# डिप्टी सीएम ने नपं पिपरिया में करोड़ों के विकास मूलक कार्यों की दी सौगात

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने बुधवार को दीपावली के शुभ अवसर पर जन आकाक्षांओं के अनुरूप 7 करोड़ 37 लाख 60 हजार रूपए की लागत से 44 विकास मूलक कार्यों की सौगात दी। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने नगर पंचायत पिपरिया को 4 करोड़ 46 लाख 60 हजार रूपए की लागत से स्वीकृत 43 अलग-अलग विकास मूलक कार्यों का भूमिपूजन किया। भूमिपूजन कार्यो में सीसी रोड़, सामुदायिक भवन, बॉउन्ड्रीवॉल निर्माण कार्य, आरसीसी नाली निर्माण, पाथवे निर्माण, सामुदायिक भवन निर्माण, सौंदर्यीकरण, एलईडी स्ट्रीट लाईट, मंच निर्माण सहित विभिन्न निर्माण कार्य शामिल है। इसके साथ ही 2 करोड़ 91 लाख रूपए की लागत से भेलवाभांवर मार्ग का भूमिपूजन किया। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि ये सभी निर्माण कार्य पिपरिया क्षेत्र के नागरिकों की सुविधा और क्षेत्र के समग्र विकास को बढ़ावा देंगे। उन्होंने बताया कि यह परियोजनाएं नगर के बुनियादी ढांचे को मजबूत करेंगी और नागरिकों के जीवन स्तर को ऊचा उठाने में सहायक होंगी। उन्होंने कहा कि सरकार का प्राथमिक उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के साथ नगर का समुचित विकास करना है और जनता की जरूरतों के अनुसार सुविधाएं उपलब्ध कराना है।



### 7 करोड़ 37 लाख 60 हजार की राशि स्वीकृत

उपमुख्यमंत्री शर्मा ने नगर पंचायत पिपरिया में वार्ड क्रमांक 2 गोवर्धन नाविक के घर पास सामुदायिक भवन व इंटर लाकिंग कार्य लागत 14.33 लाख, वार्ड क्र. 15 जोगी डबरी से नहर पार तक सीसी रोड़ निर्माण कार्य लागत 6 लाख 32 हजार, जोन क्र. 01 एवं 02 पानी टंकी रिनोवेशवन व बॉउण्ड्रीवॉल निर्माण कार्य 18 लाख 24 हजार, वार्ड क्र. 15 तालाब से सोसायटी व सुरेश साहू, विजय साहू के घर के पास तक आरसी नाली एवं सीसी रोड़ निर्माण लागत 7.65, वार्ड क्र. 15 भारत माता चौंक से मंगल भवन तक पाथवे निर्माण कार्य 18 लाख 2 हजार, वार्ड क्र. 12 सांस्कृतिक मंच के पास इंटर लाकिंग कार्य लागत 2 लाख 74 हजार, वार्ड 15 सामु स्वा. केन्द्र से गेट तक पाथवे निर्माण कार्य लागत 18 लाख 66 हजार, वार्ड क्र. 15 रामकुमार केशरी के घर पास बॉउण्ड्रीवॉल निर्माण कार्य लागत 1 लाख 61 हजार, वार्ड क्र. 05 संदीप दानी घर से गनपत गुप्ता घर, गणेश चन्द्राकर घर तक सीसी रोड़ निर्माण 4 लाख 19 हजार, वार्ड क्र. 09 पानी टंकी के पास सीसी रोड़ व बॉउण्ड्रीवॉल निर्माण कार्य 8 लाख 42 हजार, वार्ड क्र. 11 बलदाऊ केशरी के दुकान के पीछे सामु भवन निर्माण कार्य लागत14 लाख 43 हजार, वार्ड क्र. 04 घनश्याम केशरी के घर पास सामुदायिक भवन उन्नयन निर्माण 6 लाख 32 हजार, वार्ड क्र. 15 शॉपिंग कॉम्प्लेक्स से पुष्पवाटिका उद्यान तक बॉउण्ड्रीवॉल रिनोवेशन व गेट निर्माण 16 लाख 70 हजार, वार्ड क्र. 04 सामुदायिक भवन के पास मंच व सीसी रोड़ निर्माण 4 लाख 30 हजार, वार्ड क्र. 15 सामुदायिक भवन के पास मंच एवं इंटर लाकिंग कार्य 4 लाख 12 हजार, वार्ड क्र. 13 सामुदायिक भवन उन्नयन कार्य 1 लाख 29 हजार, वार्ड क्र. 15 आवास गृह से सुभाष के घर तक सीसी रोड़ निर्माण लागत 3 लाख 45 हजार, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बॉउण्ड्रीवॉल उन्नयन एवं सौन्दर्गीकरण कार्य लागत 19 लाख 32 हजार, सर्व समाज मांगलिक भवन से शंकर तालाब तक एलईडी स्ट्रीट लाईट स्थापना (प्रकाश व्यवस्था) लागत 16 लाख 34 हजार, भारत माता चौंक से नहर पार तक एलईडी स्ट्रीट लाईट स्थापना (प्रकाश व्यवस्था) लागत 16 लाख 28 हजार, वार्ड क्र. 15 शहीद स्मारक चौंक निर्माण-सौन्दयीकरण कार्य 11 लाख 48 हजार, वार्ड क्र. 15 हाट बाजार के पास भामासाह चौक सौन्दर्याकरण कार्य लागत 19 लाख 89 हजार और शास. उच्च.मा.वि. के पास छत्तीसगढ़ महतारी चौक सौन्दर्याकरण कार्य लागत 19 लाख 47 निर्माण कार्य का विधिवत भूमिपूजन किया।

# सब इंस्पेक्टर में चयनित अभ्यार्थियों ने डिप्टी सीएम वियज शर्मा को लड्डू से तौलकर किया आभार व्यक्त



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

कवर्धा के भारत माता चौक में उपमुख्यमंत्री व गृहमंत्री विजय शर्मा का सब इन्सपेक्टर में चयनित युवाओं ने लड्डु में तौलकर स्वागत किया। चयनित युवाओ ने रिजल्ट जारी करने के लिए उपमुख्यमंत्री का आभार भी प्रकट किया। युवाओं द्वारा लंबे समय से पुलिस भर्ती की रिजल्ट की मांग की जा रही थी। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के अथक प्रयासों से सब इन्सपेक्टर परीक्षा का परिणाम जारी कर युवाओं को दिवाली का तोहफा दिया है। यह समारोह चयनित युवाओं के लिए एक महत्वपूर्ण पल था, जिसमें उनकी मेहनत और समर्पण को सराहा गया।

उपमुख्यमंत्री और गृहमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री की सरकार में युवाओं की मेहनत और लगन को ध्यान में रखते हुए रिजल्ट जारी किया गया। यह उनके प्रयासों की सराहना का एक प्रमाण है और सरकार युवा प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। युवाओ की मेहनत और समर्पण सराहनीय हैं। उन्होंने प्रोत्साहित किया कि वे समाज में सुरक्षा और कानून व्यवस्था को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं।

उन्होंने कहा कि सरकार युवाओं के कल्याण और उनकी जरूरतों को ध्यान में रखते हुए सभी संभव कदम उठा रही है। चयनित युवाओं ने बताया कि यह स्वागत समारोह उनके लिए प्रेरणा का स्त्रोत है और इससे उन्हें अपनी जिम्मेदारियों का एहसास होता है। उन्होंने यह भी कहा कि रिजल्ट जारी होने से उन्हें नई ऊर्जा मिली है और वे अपनी सेवाओं को और बेहतर बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष मनहरण कौशिक, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष संतोष पटेल, कैलाश चंद्रवंशी, चन्द्रप्रकाश चंद्रवंशी सहित जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

## श्रीमद् भागवत कथा शामिल हुईं विधायक



कवर्धा। जिले के वरिष्ठ पत्रकार सतीश पात्रे के निज निवास ग्राम चरखुराकला में सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत सप्ताहिक ज्ञान यज्ञ कथा का आयोजन किया जा रहा। जिसमें कथा प्रवचन कर्ता पं अश्वनी कुमार लहरे द्वारा ग्राम चरखुराकला सहित आसपास क्षेत्रवासियों तथा भक्तजनों को संगीतमय श्रीमद्भागवत सप्ताहिक ज्ञान यज्ञ कथा रसपान कराया जा रहा है। वहीं श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ के समापन अवसर पर पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ रसपान करने पहुंची, जहां पत्रकार सतीश पात्रे व सहपरिवार विधायक की आत्मीय स्वागत किए, वही विधायक श्रीमती भावना बोहरा श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ में श्रीफल भेंटकर आशीर्वाद प्राप्त कर मानव जीवन कल्याण का भगवान से कामना किए तत्पश्चात परिवार के बीच बैठकर श्रीमद्भावगत कथा रसपान की। इस अवसर पर विधायक भावना बोहरा ने कथा रसपान कर रहे लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज उनकी क्षेत्र में जनसेवा का दौरा कार्यक्रम की शुरुआत श्रीमद् भागवत भगवान के कथा व दर्शन से हो हुआ है, भगवान की कृपा आप सबके ऊपर बनी रहे और ऐसे ही समय निकालकर श्रीमद् भागवत कथा रसपान अपनी जीवन को कृतार्थ करें।

# शंकराचार्य का 2 दिवसीय कवर्धा प्रवास, स्वागत की तैयारी जोरों पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



शंकराचार्य स्वामिश्रीः अविमुक्तेश्वरानंदः सरस्वती 1008 महाराज गुरुवार को प्रातः 09 बजे सपाद लक्षेश्वर धाम ग्राम सलधा बेमेतरा से कवर्धा हेतु प्रस्थान करेंगे वे साजा रणवीरपुर होते हुए लोहारा पहुंचेंगे। जहां पं देवदत्त दुबे के निज निवास में पादुकापूजन सम्पन्न कर सहसपुर राजा खड़गराज के निज निवास पर धर्मसभा के माध्यम से आशीर्वचन देंगें। शंकराचार्य के मीडिया प्रभारी अशोक साहू ने बताया महाराज के आगमन पर पूरे कवर्धा में बैनर पोस्टर से सजाया गया है जगह जगह स्वागत द्वार लगाकर पूज्यश्री का अभिन्दन करने तैयार है, कवर्धा आगमन पर भव्य बाइक रैली के साथ अशोक साहू श्री अशोक वाटिका स्वामी अविमुक्त नगर आगमन होगा जहां गौध्वज प्रतिष्ठा पश्चात पादुकापूजन कर समस्त निवासियों को दिव्य दर्शन देंगे तत्पश्चात धर्मध्वज चौक पहुंच कर नया ध्वज लगायेंगे।

तत्पश्चात शांतिदीप कॉलोनी स्थित चंद्रप्रकाश उपाध्याय के निज निवास शंकरा भवन आगमन होगा, जहां उपाध्याय परिवार द्वारा भव्य स्वागत गौ ध्वज प्रतिष्ठा कर पादुकापूजन सम्पन्न किया जाएगा। वही शाम छः बजे से शंकराचार्य के सानिध्य में लक्ष्मी पूजन प्रारंभ होगा जो 11:45 तक पूजन कर काली मंदिर प्रस्थान करेंगे, जहां महाकाली जन्मोत्सव पश्चात 12:15 बजे पुनः शंकरा भवन आगमन पश्चात सम्पूर्ण रात पूजन होगा। मिली जानकारी के अनुसार एक नवंबर को प्रातः 6 बजे दीक्षा होना है तत्पश्चात दर्शन पूजन कर मध्यान एक बजे पत्रकारो से चर्चा कर रघुराज सिंह ठाकुर के निवास पर पादुकापूजन कर पुनः शंकरा भवन आगमन एवं आरक्षित वही 2 नवम्बर को प्रातः यदुनाथ गौशाला में गौ पूजन पश्चात ग्राम चरडोंगरी में धर्मसभा कर रायपुर हेतु प्रस्थान करेंगें।

## खबर संक्षेप

### घरों में दीप प्रज्ज्वलन करने की अपील

**राजनांदगांव।** राज्य शासन के निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर 1 नवंबर को जिला मुख्यालय एवं प्रमुख नगरों में दीप प्रज्वलन किया जाएगा। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर जिले के सभी नागरिकों से अपने घरों में दीप प्रज्वलन करने की अपील की है।

### जिला स्तरीय कन्वर्जेंस समिति की बैठक 6 को

**राजनांदगांव।** प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना अंतर्गत वर्ष 2022-23 में जिले के 7 ग्रामों का चयन किया गया है। योजना अंतर्गत चयनित ग्रामों का निर्धारित प्रपत्रों में सर्वे उपरांत ग्राम विकास योजना तैयार की गई है, जिसे ग्राम स्तरीय कन्वर्जेंस समिति तथा संबंधित जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी के अनुमोदन पश्चात जिला स्तरीय कन्वर्जेंस समिति द्वारा अनुमोदन के लिए जिला स्तरीय कन्वर्जेंस समिति की बैठक 6 नवम्बर को सुबह 11 बजे कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित की गई है। बैठक में ग्राम विकास योजना के अनुमोदन पश्चात उच्च कार्यालय को प्रेषित किया जाएगा।

### दो वाहन राजसात

**राजनांदगांव।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी संजय अग्रवाल ने छत्तीसगढ़ कृषिक पशु परिरक्षण अधिनियम में दिए गए प्रावधानों के तहत दो वाहनों को शासन के पक्ष में राजसात किया है। न्यायालय जिला दंडाधिकारी राजनांदगांव से प्राप्त जानकारी के अनुसार हवलदारपुरा माना मुर्तजापुर जिला अकोला महाराष्ट्र निवासी मोहम्मद कासिम स्वामित्व के वाहन अशोक लिलैंड क्रमांक एमएच-30-बीडी-4616 एवं मोहम्मद सोएब के स्वामित्व के वाहन पिकअप क्रमांक एमएच-18-एए-3481 को राजसात किया गया है। इस आदेश के विरूद्ध पुनरीक्षण की अवधि समाप्त हो जाने और सक्षम न्यायालय से किसी प्रकार का कोई आदेश प्राप्त नहीं होने पर पर राजसात की कार्रवाई की गई है।

# 1.76 लाख एकड़ में धान की बोनी पिछले साल से 8 हजार एकड़ कम

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

मौके पर जाकर फसल की जानकारी लेने के लिए किए जाने वाली गिरदावरी रिपोर्ट के आंकड़े अब सामने आ गए हैं। रिपोर्ट के मुताबिक खरीफ सीजन में धान की बोनी इस बार पिछले साल के मुकाबले कम की गई है। आंकड़ों पर नजर डाले तो राजनांदगांव जिले में किसानों ने इस बार 1.76 लाख एकड़ भूमि में धान की फसल ली है। जबकि पिछले साल इससे आठ हजार एकड़ अधिक रकबे में धान फसल ली गई थी।

उल्लेखनीय है कि प्रदेश में सर्वाधिक संख्या में किसान धान की फसल ही लेते हैं। पिछले कुछ सालों से धान की लगातार बढ़ती कीमत के चलते किसानों का रूझान धान की खेती की तरफ और अधिक बढ़ा है। ऐसे में हर साल धान की खेती का रकबा बढ़ता ही जा रहा था, लेकिन इस बार इसमें कमी देखने को मिली है। मिली जानकारी के अनुसार राजनांदगांव जिले में इस बार करीबन 1.76 लाख एकड़ भूमि में धान की फसल ली गई है। जबकि पिछले साल 1.84 लाख एकड़ में धान की खेती की गई थी। ऐसे ही मक्के की बोनी में भी इस बार पिछले साल के मुकाबले मामूली कमी देखने को मिली है।

### जिलेवार इतना टारगेट तय

अविभाजित राजनांदगांव जिले में इस बार धान खरीदी के दौरान कुल 14398930 क्विंटल धान खरीदने का लक्ष्य शासन द्वारा तय किया गया है। इसमें सर्वाधिक 7737560 क्विंटल धान राजनांदगांव जिले में खरीदने का लक्ष्य रखा गया है। वहीं मोहला-मानपुर जिले में 2397870 लाख क्विंटल एवं खैरागढ़ जिले में 4263500 क्विंटल धान खरीदी का टारगेट तय किया गया है।



### नांदगांव ब्लॉक में सर्वाधिक कमी

रिपोर्ट के अनुसार इस बार धान की खेती में सर्वाधिक कमी राजनांदगांव ब्लॉक में देखने को मिली है। राजनांदगांव में इस बार 29529 एकड़ रकबे में धान की बोनी की गई है। पिछले साल यहां 32244 एकड़ में धान की फसल ली गई थी। ऐसे ही डोंगरगढ़ में 27366, डोंगरगांव में 29147 एकड़, छुरिया में 32031 एकड़, एलबी नगर में 20798 एकड़, घुमका में 16946 व कुमरदा ब्लॉक में 20919 एकड़ में धान बोया गया है।

### नांदगांव ब्लॉक में सर्वाधिक कमी

रिपोर्ट के अनुसार इस बार धान की खेती में सर्वाधिक कमी राजनांदगांव ब्लॉक में देखने को मिली है। राजनांदगांव में इस बार 29529 एकड़ रकबे में धान की बोनी की गई है। पिछले साल यहां 32244 एकड़ में धान की फसल ली गई थी। ऐसे ही डोंगरगढ़ में 27366, डोंगरगांव में 29147 एकड़, छुरिया में 32031 एकड़, एलबी नगर में 20798 एकड़, घुमका में 16946 व कुमरदा ब्लॉक में 20919 एकड़ में धान बोया गया है।

# एक करोड़ की यह कैसी लाइट? जहां लगाई वहां हफ्तेभर में बंद, सुधार के लिए कर्मी नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नगर निगम द्वारा शहर को रौशन करने के लिए लगभग एक करोड़ की लागत से खरीदी गई लाईट को लेकर विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है।

पहले इस खरीदी के लिए किए गए टेंडर की प्रक्रिया पर सवाल खड़े किए गए और अब जब लाईट खरीदी कर ली गई है तो इसकी क्वालिटी को लेकर सवाल उठने लगे हैं। बताया गया कि शहर के जिन इलाकों में इन लाईट को लगाया गया है, उनमें कई जगह से इसके हफ्तेभर के भीतर ही खराब होने की शिकायतें आना शुरू हो गया है। खास बात यह है कि एक करोड़ का टेंडर देने वाले निगम ने ठेकेदारों को इसकी सुधार के लिए भी कोई शर्त नहीं रखी है। बताया गया कि लाईट की कोई गारंटी-वारंटी नहीं है।

ऐसे में अब इन लाईट को सुधारने के लिए निगम को अपने ही कर्मचारियों को मैदान में दौड़ाना पड़ रहा है। जबकि इससे पहले हुई लाईट खरीदी में संबंधित ठेकेदार ही दो से तीन साल तक मेंटेनेंस करता आया है। लाईट को लेकर आ रही शिकायत के चलते एक बार फिर निगम पर सवाल खड़े करने का अवसर विरोधियों को मिल गया है।

### विपक्ष व सत्तापक्ष खामोश

एक करोड़ की लाईट खरीदी का आरोप भाजपा के कुछ नेताओं पर लग रहा है। खास बात यह है कि इस पूरे मामले में महापौर हेमा देशमुख सहित शहर सरकार के भी कुछ नेताओं ने चुप्पी साध ली है। यही कारण है कि लगातार शिकायत सामने आने के बाद भी कोई कार्रवाई या एक्शन नहीं लिया जा रहा है।

### नहीं मिल रही पर्याप्त लाइट

एक करोड़ की लाईट खरीदे जाने के बाद भी शहर के अधिकांश वार्डों के पार्षदों का आरोप है कि उन्हें मांग अनुसार लाईट नहीं दी जा रही है। शिकायत करने वाले में कांग्रेस सहित भाजपा के पार्षद भी शामिल हैं। वहीं पार्षदों का यह भी आरोप है कि लाईट की क्वालिटी इतनी खराब है कि जिन इलाकों में इसे लगाया जा रहा है, वहां के लोग ही उन्हें गालियां दे रहे हैं।

# मोमबत्ती जलाकर जंगल में खेल रहे थे जुआ, छह पकड़ाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जंगल रास्ते में मोमबत्ती जलाकर कुछ लोग जुआ खेल रहे थे। जिसकी सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर दबिश देकर छह लोगों को पकड़ा। जिनसे नगदी रकम एवं ताश पत्ती बरामद कर कार्रवाई की गई है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार मोहारा पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत पुलिस को 29 अक्टूबर को मुखबीर से सूचना मिली थी कि ग्राम बनबोड से जंगल जाने के आम रास्ता के पास कुछ लोग मोमबत्ती जलाकर उसकी रौशनी में रुपए-पैसे का दांव लगाकर ताश पत्ती से जुआ खेल रहे हैं। उक्त सूचना पर पुलिस टीम ने मौके पर दबिश दी। पुलिस के अनुसार मौके पर आरोपी चिरौजी 35 वर्ष नयापारा अछोली, देवा लहरे 32 वर्ष बेलगांव, विकास कोसरे 27 वर्ष अर्जुनी, मेवाराम बंजारे 32 वर्ष बेलगांव, तारिक खान 23 वर्ष खपरी, धर्मेन्द यादव 23 वर्ष मोतीपुर को पकड़ा गया। पुलिस के अनुसार अन्य आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गए।

**नगदी, दरी, मोबाइल व कार बरामद :** पुलिस ने उक्त आरोपियों से ताश पत्ती, दरी एवं नगदी रकम 3020 रुपए, 3 मोबाइल, 2 कार, 5 दोपहिया वाहन बरामद कर कार्रवाई की है। पुलिस की इस कार्रवाई से जुआ खेलने वालों में हड़कंप मचा हुआ है।

# 34.5 डिग्री तापमान के साथ डोंगरगढ़ प्रदेश में सबसे गर्म, आज हल्की बारिश के आसार!

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अक्टूबर समाप्त होने को है, आज महीने का अंतिम दिन है। इसके बाद भी अब तक ठंड की दस्तक नहीं हो पाई है। हालत यह है कि राजनांदगांव जिला प्रदेश में सबसे गर्म बना हुआ है। बुधवार को डोंगरगढ़ शहर 34.5 डिग्री तापमान के साथ सबसे गर्म रहा।



हालांकि आज प्रदेश के दुर्ग, रायपुर और बस्तर संभाग के कुछ इलाकों में हल्की बारिश की संभावना जताई गई है। ऐसे में अंचल के भी कुछ इलाकों में हल्की बारिश देखने को मिल सकती है। वहीं मौसम विभाग के अनुसार अब नवंबर महीने के पहले सप्ताह में ठंडी हवाओं के आने का दौर तेज होगा। जिसके चलते रात के साथ ही दिन का तापमान भी 3 से 5 डिग्री तक लुढ़केगा। पारा नीचे आने के बाद ही ठंड का एहसास होगा। हालांकि अभी अलसुबह और देर रात ठंडी हवाएं चलना शुरू हो गया है। राजनांदगांव शहर में अब ठंड की शुरूआत होने लगी है। अब तक उमस भरी गर्मी से परेशान लोगों को जल्द ही राहत मिलने की उम्मीद है। बीते कुछ समय से लगातार बदलते मौसम की वजह से इस वर्ष ठंड की शुरूआत व एहसास काफी देरी से हुआ है।

# रतन टाटा को समर्पित थीम पर बनाई रंगोली लोगों ने खूब सराहा







हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

दीपावली की पूर्व संध्या को शहर के बाल गोविंद चौक पर वक्रतुंड मित्र मंडल और दीपचंद चित्रकला प्रशिक्षण केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में रंगोली एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस वर्ष यह आयोजन देश के प्रख्यात उद्योगपति स्वर्गीय रतन टाटा को समर्पित रहा। प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाले प्रतिभागियों ने स्व.रतन टाटा से जुड़ी स्मृतियों को रंगोली और चित्रकला के माध्यम से कैनवास पर उकेरा।



रंगोली प्रतियोगिता के आयोजन अवसर पर यहां राजस्थानी और नेचुरल मॉडल आर्ट की झलक भी देखने को मिली। इस प्रतियोगिता में बढ़-चढ़कर प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया और अपनी सोच को आकर्षक रंगों के माध्यम से जीवंत बनाया।

**एक दशक से हो रहा आयोजन**

लगभग 12-13 वर्षों से आयोजित हो रही इस रंगोली प्रतियोगिता को देखने बड़ी संख्या में दर्शक यहां पहुंचे। शाम 6 से रात 11 बजे तक इस प्रतियोगिता की प्रदर्शनी आयोजित की गई। प्रतियोगिता में दो समूह बांटे गए। जिसमें चित्रकला प्रतियोगिता में 18 प्रतिभागी और रंगोली प्रतियोगिता में 9 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

### विजेताओं को आकर्षक पुरस्कार

*चित्रकाला प्रशिक्षक दीपचंद साहू के मार्गदर्शन में आयोजित होने वाले इस रंगोली और चित्रकला प्रतियोगिता के निर्णायक के रूप में चित्रकार राजेश स्वर्णकार उपस्थित रहे। वहीं इस प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विजेताओं को ट्रॉफी और विशेष आकर्षण पुरस्कारों से नवाजा गया।*


न्यू प्रगति केन्द्र
HAPPY DIWALI
हार्डवेयर, सेनटरी, बूश मशीन, पलम्बर,
पेन्ट एशियन, नेरोलेक,इंडिगो, पुट्टी,
जगवार कलर पेन्ट सहित अन्य समानों के विक्रेता
NEROLAC
IMPRESSIONS
ECO CLEAN
INDIGO
ALFACEM
Sleek
asianpaints
Privilege Club
दर्री पारा रोड– कवर्धा
संपर्क : 9425558979,7489369300


दीपावली
गोवर्धन पूजा एवं भाईदूज की
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
श्री सीताराम साहू जी
भाजपा, जिला–कबीरधाम


समस्त जिलेवासियों को
HAPPY दिवाली
की हार्दिक बधाई
एवं शुभकामनाएं...
मा. रामकुमार सिन्हा
जनपद सदस्य
विनीतः समस्त क्षेत्रवासी जनपद पंचायत
क्षेत्र क्रमांक–22 एवं विधानसभा पण्डरिया


जिलेवासियों को दीपावली पर्व एवं भाईदूज की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
श्रवण बोरवेल्स एवं टेक्निकल सेंटर
दर्रीपारा कवर्धा, जिला–कबीरधाम (छ.ग.)
श्रवण चंद्रवंशी
मो. 9752116572
अर्जुन चंद्रवंशी
मो. 834906581
रामशरण चंद्रवंशी
मो. 8827825286
हमारें यहां – 4,6,8 इंच बोर खनन एवं सबमर्सिबल पंप मोनो ब्लॉक स्प्रींकलर पाईप, नोजल सेट, वेयर मोटर के अधिकृत विक्रेता


समस्त जिलेवासियों को दीपावली
एवं भाईदूज पर्व की
हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं...
श्रीमती इद्राणी चन्द्रवंशी
अध्यक्ष (जनपद पंचायत कवर्धा)
दिनेश चन्द्रवंशी
सांसद प्रतिनिधि ज.प. कवर्धा


अमित लॉज
ठहरने का सर्वोत्तम स्थान
बस स्टैण्ड के पास-कवर्धा
दीपावली,गोवर्धन पूजा
एवं भाईदूज पर्व की समस्त क्षेत्रिवासियों को
हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं...
सतीश चन्द्रवंशी
विनीत : – अमित कंट्रक्शन ठेकेदार कवर्धा, जिला कबीरधाम


समस्त जिलेवासियों को दीपावली
एवं भाईदूज पर्व की
हार्दिक बधाई व
शुभकामनाएं...
मा. विजय शर्मा जी
उप मुख्यमंत्री
Happy Diwali
डोनेंस ठाकुर
प्रखण्ड अध्यक्ष कवर्धा
विश्व हिन्दु परिषद


समस्त क्षेत्रवासियों को
शुभ दीपावली गोवर्धन पूजा
एवं भाईदूज की हार्दिक बधाई
शुभकामनएं...
विनीत : आलोक शिवहरे–ठेकेदार,छत्तीसगढ़


शुभ दीपावली
दीपक की पवित्र ज्योति
आपके और आपके परिवार को
हमेशा आलोकित करती रहे।
हसी कामनाओं के साथ शुभ दीपावली
क्षेत्रवासियों को दीपावली की
हार्दिक शुभकामनाएं...
श्याम तम्बोली
ठेकेदार, कवर्धा
आशा तम्बोली
पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष
विनीत : – आशा मिनरल स.लोहारा कवर्धा


समस्त जिलेवासियों को
दीपावली पर्व की हार्दिक
बधाई एवं शुभकामनाएं...
रामकुमार भट्ठ
प्रथम जिला पंचायत अध्यक्ष
कबीरधाम एवं जिला पंचायत सदस्य
श्रीमती सुशीला भट्ठ
अध्यक्ष जिला पंचायत कबीरधाम


समस्त क्षेत्रवासियों को धनतेरस, दीपावली,
गोवर्धन पूजा के पावन पर्व
की बधाईयां...
Happy Diwali
विनित - तिलक चन्द्रवंशी
ठेकेदार, कवर्धा छत्तीसगढ़


भोरमदेव
मैरिज पैलेस
प्रो. रूद्र प्रताप सिंह
पता– भारतीय जीवन बीमा कार्यालय के सामने कवर्धा मो. 9406282666
सर्व सुविधायुक्त कमरे, हॉल, गार्डन की सुविधा उपलब्ध है।
दीपावली
पर्व
की
हार्दिक
बधाई


समस्त जिलेवासियों को दीपावली
गोवर्धन पूजा एवं भाईदूज के
पावन पर्व की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
रामेश चन्द्रवंशी
जिलाध्यक्ष
मो.9993554935
शुभेच्छु : रमेश चन्द्रवंशी (जिलाध्यक्ष) छ.ग. टीचर्स एसोसिएशन कबीरधाम विनोद गुप्ता (प्रातीय महासचिव)


समस्त जिलेवासियों को दीपावली
पर्व की
हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं...
मनीराम साहू
जिलाध्यक्ष
भाजयुमो
विनित : भाजपा युवा मोर्चा जिला-कबीरधाम (छ.ग.)


दीपावली एवं गोवर्धन पूजा की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
छत्तीसगढ़ टेक्नीकल सेंटर
अधिकृत विकेता– केएसबी, केएसबी, पृथ्वी, साबर, पंप, एंजल पंप किसान एवं ईपीसी स्प्रिंकलर सेट, 6 एवं 7 बोर खनन का कार्य किया जाता है।
पानी टंकी के विकेता
धान कटने का थ्रेसर उपलब्ध
प्रो. चंद्रशेखर चंद्रवंशी
वीर स्तम्भ चौक पेट्रोल पंप के सामने, कवर्धा - 9981391488


छत्तीसगढ़ फ्यूल्स
HP
दीपावली, गोवर्धन पूजा एवं भाईदूज की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
प्रो . शशिकांत चंद्रवंशी
कुण्डा, तहसील–पंडरिया, मो. 9685542109, 7587196060


23 वर्षो से आपकी सेवा में तत्पर...!! श्री गणेशाय नमः !!
मुकेश एण्ड संस
दिनेश टेक्निकल सेन्टर एवं बोरवेल्स
एजेन्ट बोरवेल्स के लिए संपर्क करें।
प्रो. मुकेश मो. 8827777900, 9425558330
दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं...
कृषि यंत्रो का विशाल रेंज...
सुरजीत एवं किसान बंधु, धान एवं मल्टीक्राप थ्रेशर
छत्तीसगढ़ शासन द्वारा सरकारी अनुदान उपलब्ध।
Taro Pumps
TEXMO INDUSTRIES
पता – ऋषभ देव चौक, कवर्धा, जिला–कबीरधाम

**खबर संक्षेप**

## उपमुख्यमंत्री शर्मा ने किया पुस्तक का विमोचन




**रायपुर।** उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा द्वारा मंगलवार को ऑस्टियोपोरोसिस एक रोकथाम योग्य रोग हिंदी संस्करण पुस्तक का विमोचन किया गया। लेखिका डॉ. नंदा गुरवारा एवं डॉ. डेजी द्वारा यह पुस्तक लिखी गई है। इस पुस्तक में ऑस्टियोपोरोसिस की समस्या के बारे में एवं समस्या से बचने के उपाय के बारे में बताया गया है। यह पुस्तक अत्यंत वस्तु परख एवं समझ में आ सकते वाली भाषा में है। स्वास्थ्य पोषण के क्षेत्र में काम करने वालों के साथ ही सामान्य व्यक्ति भी इससे लाभान्वित होंगे। इस पुस्तक के प्रकाशन पर डॉ. पूर्णेंदु सक्सेना ने इस पुस्तक के उपयोगिता पर प्रकाश डाला। विमोचन के अवसर पर हरीश गुरवारा, नमन शर्मा, अखिलेश साहू एवं नागरिक उपस्थित थे।

## आयुर्वेद परिषद ने मनाई धन्वंतरि जयंती



**रायपुर।** विश्व आयुर्वेद परिषद छत्तीसगढ़ प्रांत द्वारा डीडीनगर स्थित सरस्वती विद्या मंदिर में गत दिनों धन्वंतरि जयंती मनाई गई। इस मौके पर समिति के प्रदेश संयोजक डॉ. लवकेश चंद्रवंशी ने बताया कि कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल शामिल हुए। उन्होंने आयुर्वेद को जन-जन तक पहुंचाने राज्य में होने वाले नए आयामों पर चर्चा की। पूर्व सांसद डॉ. भूषणलाल जांगड़े, आयुष विभाग संयुक्त संचालक डॉ. सुनील दास, किसान संघ कल्याण परिषद के पूर्व अध्यक्ष डॉ. विशाल चंद्राकर, कामधेनु विश्वविद्यालय के पूर्व निदेशक डॉ. पीएल चौधरी ने अपना व्याखान दिया। कार्यक्रम में डॉ. मनोहर लहेजा, डॉ. आराधना कण्डे, डॉ. यशवंत चंद्राकर, डॉ. नम्रता तिवारी, डॉ. सस्मिता त्रिपाठी, डॉ. विश्वास वर्मा, डॉ. जीआर चतुर्वेदी, आयुष बोर्ड के डॉ. संजय शुक्ला सहित अनेक लोग मौजूद थे।

## मेकाहारा कैंसर अस्पताल में जरूरतमंदों को बांटे कपड़े



**रायपुर।** दिवाली के अवसर पर एक समूह ने मेकाहारा कैंसर अस्पताल परिसर में गरीब और असहाय मरीजों के लिए कपड़े दान किए। समूह के युवाओं ने अस्पताल के मरीजों और उनके परिवारों को नए कपड़े दान कर दिवाली की खुशियों को और भी विशेष बना दिया। इस दान में बच्चों और वयस्कों के लिए कपड़े, जूते और अन्य आवश्यक सामग्री शामिल थी। इस दान अभियान से अस्पताल के कई मरीजों और उनके परिवारों को लाभ हुआ और उनके चेहरों पर मुस्कान आई। इस समूह में सूरज जैन, साहिल सेन, राज सोनी, अभिनीत श्रीवास्तव, दीपक जैन, यश राजपूत, युवराज प्रधान, अमय पांडेय, आशुतोष सोनी, खुशी जैन, वासनी गुप्ता, वंशिका जैन, मयंक सोनी आदि थे।

# मॉपअप के बाद निजी कॉलेजों में एमबीबीएस की 18, बीडीएस की 285 सीटें खाली

**5 नवंबर तक बढ़ाई गई एडमिशन की अंतिम तारीख, होगा स्ट्रे वैकेंसी राउंड**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

दो चरण की नियमित और एक मॉपअप राउंड की काउंसिलिंग के बाद शासकीय मेडिकल कालेज में एमबीबीएस की सभी सीटों पर एडमिशन हो गया है। एकमात्र निजी कालेज की पूरी सीटें भरी हैं और चार चिकित्सा महाविद्यालयों में 18 सीटें खाली हैं। इसी तरह निजी और सरकारी डेंटल कालेजों में 285 सीटें खाली रह गई हैं। यूजी एडमिशन की अंतिम तारीख 5 नवंबर तक बढ़ाई गई है, जिसके आधार पर स्ट्रे वैकेंसी राउंड पूरा किया जाएगा।

प्रदेश के चिकित्सा महाविद्यालयों और दंत चिकित्सा महाविद्यालयों में एमबीबीएस और बीडीएस एडमिशन की प्रक्रिया पूरी की जा रही है जो अब अंतिम चरण में पहुंच रही है। राज्य और प्रबंधन तथा एनआरआई कोटे की सीटों में एडमिशन के लिए मॉपअप राउंड तक की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। चिकित्सा शिक्षा विभाग के अधिकारियों के मुताबिक राज्य के सभी दस मेडिकल कालेजों के राज्य कोटे की सीटों पर प्रवेश पूरा हो गया है। निजी चिकित्सा महाविद्यालयों की 95 प्रतिशत से ज्यादा सीटें भर चुकी हैं। चार निजी कालेजों में एमबीबीएस की कुल 18 सीटें बाकी रह गई हैं, जिस पर एडमिशन के लिए आने वाले दिनों में स्ट्रे वैकेंसी राउंड का आयोजन किया जाएगा।

इसी तरह निजी और शासकीय डेंटल कालेजों में राज्य और प्रबंधन कोटे की करीब 580 सीटें हैं जिसमें से 285 सीटें खाली पड़ी हैं। निजी कालेजों के साथ ही शासकीय डेंटल कालेज में बीडीएस की 24 सीटों पर एडमिशन के लिए विद्यार्थियों का इंतजार है। सीटों को देखते हुए चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा एडमिशन की अंतिम तारीख पांच नवंबर तक बढ़ाई गई है। बीडीएस एडमिशन के लिए भी स्ट्रे वैकेंसी राउंड का आयोजन किया जाएगा।

### बीडीएस के लिए नया रजिस्ट्रेशन

डीएमई डॉ. यूएस पैंकरा ने बताया कि बीडीएस की रिक्त सीटों में प्रवेश के लिए नियमानुसार छात्रों का नया पजंयीन किया जाएगा। इसके लिए 30-31 अक्टूबर की तारीख तय की गई है। पंजीयन के साथ संस्था चयन की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। इसके बाद आवंट्न सूची तैयार होगी जिसमें पहले पूर्व पंजीकृत छात्रों को प्राथमिकता दी जाएगी। इस आधार पर आने वाले दिनों में स्ट्रे वेकैंसी राउंड पूरा किया जाएगा।




### किस मेडिकल कॉलेज में कितनी सीट खाली

रायपुर इंस्टी. ऑफ मेडिकल साइंसेस में प्रबंधन की 5 और राज्य कोटे की 1 सीट

श्री शंकराचार्य इंस्टी. ऑफ मेडिकल साइंसेस भिलाई में प्रबंधन कोटे की 3 सीट

श्री बालाजी इंस्टी. ऑफ मेडिकल साइंसेज रायपुर में प्रबंधन की 3 और राज्य कोटे की 1 सीट

श्री रावतपुरा इंस्टी. ऑफ मेडिकल साइंसेज नवा रायपुर में एनआरआई की 2 तथा प्रबंधन कोटे की 3 सीट

**तैयारी : बिरगांव निगम ने समितियों के साथ मिलकर शुरू करवाई सफाई**

# छठ पूजा से पहले निगम क्षेत्र के तालाबों की सफाई शुरू, तीन नवंबर से रंगीन लाइटों से जगमाएंगे घाट





हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

उत्तर भारतीय परिवारों की आस्था का महापर्व छठ पूजा दीपोत्सव के बाद शुरू होने वाली है। इसके मद्देनजर अब निगम प्रबंधन व पूजा समितियों ने आपस में तालमेल बनाकर तालाबों की सफाई का क्रम शुरू किया है। अभी पूजा के लिए बनाए गए घाट के पास फैले कचरे को हटाया जा रहा है। इसके लिए निगम ने भी सफाई कर्मियों को जिम्मेदारी दी है। निगम क्षेत्र के आधा दर्जन तालाबों में इस बार भी छठ पूजा की तैयारी है।

राजधानी के तालाबों में जहां 2 नवंबर से छठ पूजा घाट की सफाई शुरू होगी, वहीं इसके पहले बिरगांव निगम क्षेत्र में तैयारी और सफाई का दौर अभी से शुरू हो गया है। एमआईसी सदस्य इकराम अहमद ने बताया कि निगम क्षेत्र की मुख्य छठ पूजा व्यास तालाब में की जाती है। समाज के लोगों से तालमेल बनाकर 28 अक्टूबर से ही अलग-अलग दिन तालाबों की सफाई करवा रहे हैं।

ऐसा इसलिए भी किया जा रहा है, क्योंकि त्योहारी छुट्टी के बाद सफाई कर्मी वार्डों में व्यस्त हो जाते हैं। इसे देखते हुए अलग-अलग तालाबों में सफाई के लिए अभी से सफाई कर्मी भेज रहे हैं। इस प्रक्रिया के तहत उरकुरा, रावांभाठा, उरला, अछोली और सरोरा स्थित छठ ताताब की सफाई भी शुरू की गई है।

### दीपोत्सव के बाद उठाएंगे कचरा

निगम के साथ छठ पूजा समिति के लोग अपने कर्मचारी भी सफाई में लगा रहे हैं। कचरा हटाने और सफाई में सहयोग के लिए निगम भी रोज 6 से 8 कर्मचारी अलग-अलग तालाब की सफाई के लिए भेज रहा है। वार्ड प्रतिनिधि ने बताया कि त्योहारी अवकाश से पहले यानी 30 नवंबर तक पूजा घाट व इसके आसपास की सफाई करवाई जाएगी। इसमें निकलने वाले कचरे को अभी तालाब किनारे ही रखवा रहे हैं। दीपोत्सव के बाद विसर्जन होने वाली पूजा सामग्री निकालने के साथ ही पुराने सूखे हुए कचरे को बाहर किया जाएगा। इसके बाद पूजा घाट की व्यवस्था आयोजन समिति के लोग संभालेंगे।

### 6 नवंबर को होगी छठ पूजा

इस बार भी दीपोत्सव के छठवे दिन यानी 6 नवंबर को उत्तर भारतीय परिवार के लोगों द्वारा भक्तिमय माहौल में छठ पूजा की जाएगी। इसके पहले समाज के लोग तीन नवंबर से ही व्रत नियम का पालन करने लगेंगे। इस दिन से ही छठ घाट को रंगीन लाइटों से सजाने का सिलसिला शुरू हो जाएगा है। हर साल की तरह निगम क्षेत्र का मुख्य छठ पूजा घाट व्यास तालाब में सजाया जाएगा। इसके साथ उरला, अछोली और सरोरा में भी भव्य तरीके से छठ पूजा का आयोजन करने की तैयारी है। इसकी शुरुआत छठ पूजा घाट की सफाई करते हुए की गई, इसे जल्द ही पूरा भी किया जाएगा।

# झारखंड और महाराष्ट्र चुनाव में लगे अफसरों की दीपावली वहीं मनेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

महाराष्ट्र और झारखंड विधानसभा चुनाव में छत्तीसगढ़ के आईएएस और आईपीएस अफसरों को पर्यवेक्षकों के तौर पर तैनात किया गया है। दोनों ही राज्यों में मंगलवार को नामांकन दाखिल करने की अंतिम तारीख खत्म होने के साथ ही पर्यवेक्षकों में पुलिस और आय-व्यय को जांचने वाले पर्यवेक्षक भी रहेंगे। दोनों राज्यों की प्रत्येक विधानसभा में पर्यवेक्षकों की तैनाती दी गई थी। दीपावली का त्योहार बीच में पड़ने के कारण इन अफसरों को यहीं रहकर मनाना पड़ेगा, वे वापस अपने घर नहीं लौट पाएंगे।

■ दोनों राज्य में नामांकन दाखिल की हर गतिविधि पर होती है नजर

महाराष्ट्र और झारखंड में आगामी विधानसभा चुनाव के लिए चुनाव आयोग ने छत्तीसगढ़ के 21 आईएएस अफसर, जिसमें छह महिला आईएएस अफसर भी शामिल हैं, को भेजा है। चुनाव आयोग द्वारा जिन अफसरों को बुलाया गया है, उनमें छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों में तैनात अधिकारी शामिल हैं। इनमें शामिल अधिकारियों में आर प्रसन्ना, भुवनेश यादव, सीआर प्रसन्ना, जनक प्रकाश पाठक, शम्मी आबिदी, शिखा राजपूत तिवारी, केडी कुंजाम, किरण कौशल, पीएस एल्मा, सारांश मित्तर, जितेंद्र कुमार शुक्ला, अभिजीत सिंह, दिव्या उमेश मिश्रा, इफ्फत आरा, पुष्पा साहू, रितेश कुमार अग्रवाल, तारण प्रकाश सिन्हा, जगदीश सोनकर, राजेंद्र कुमार, कुलदीप शर्मा, कुंदन कुमार के नाम शामिल हैं। चुनाव प्रक्रिया में नामांकन पूरा होने के बाद पर्यवेक्षकों को चुनावी गतिविधियों पर पूरी नजर रखनी पड़ती है।

### इस दिन वोटिंग और रिजल्ट

झारखंड की 81 विधानसभा सीटों पर जहां दो चरणों में 13 और 20 नवंबर को मतदान है, वहीं महाराष्ट्र की 288 विधानसभा सीटों पर एक चरण में 20 नवंबर को मतदान है। दोनों राज्यों का चुनाव परिणाम 23 नवंबर को आएगा।

### ट्रेनिंग के बाद भेजे गए

चुनाव आयोग द्वारा इन अफसरों को विधानसभा चुनावों की व्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए प्रशिक्षण भी दिया गया है। ट्रेनिंग के बाद इन अधिकारियों को चुनाव संचालन से संबंधित विभिन्न जिम्मेदारियों का पालन करना होगा, जिसमें मतदान प्रक्रिया, वोटों की गिनती और चुनाव के बाद की प्रशासनिक व्यवस्थाएं भी शामिल हैं।

# दीपावली से पहले 1500 से अधिक स्ट्रीट लाइट फिटिंग



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निगम का विद्युत विभाग शहर में दीपावली पूर्व बंद स्ट्रीट लाइट को सुधारने में लगा हुआ है। इसके साथ ही 1500 से ज्यादा स्ट्रीट लाइट की फिटिंग लगाई जा चुकी है। वार्डों में स्ट्रीट लाइट बंद होने की शिकायत मिलने पर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा के आदेश पर प्रकाश व्यवस्था को सुव्यवस्थित रूप दिया जा रहा है। दरअसल, शहर के रहवासी इलाके सहित आउटर में बसे वार्डों में स्ट्रीट लाइट की समस्या को लेकर प्रभावित इलाके के रहवासी परेशान रहे। निदान 1100 और निगम के चैट बोट पर स्ट्रीट लाइट बंद होने की शिकायत मिली। इस पर संज्ञान लेते हुए निगम आयुक्त ने सभी दस जोन के आयुक्त और कार्यपालन अभियंता सहित विद्युत विभाग के अधिकारियों की बैठक बुलाई। इसमें जोनवार इसकी समीक्षा हुई।

■ बंद पड़ी स्ट्रीट लाइट को सुधारने का चल रहा काम

### 150 से ज्यादा नई स्ट्रीट लाइट की फिटिंग

निगम मुख्यालय विद्युत शाखा ने विभिन्न वार्डों में 150 से ज्यादा नई स्ट्रीट लाइट की फिटिंग लगाई है। मुख्य मार्ग सहित वार्डों की कालोनियों, स्लम बस्तियों में स्ट्रीट लाइट सुधारी जा रही है। अपर आयुक्त विनोद पाण्डेय एवं अधीक्षण अभियंता संजय बागड़े के निर्देश पर जनसुविधा की दृष्टि से शहर में प्रकाश व्यवस्था सुधारी जा रही है।

# भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूची का विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 1 जनवरी 2025 की अर्हता तिथि में मतदाता सूची में नाम पंजीयन, विलोपन, स्थानातंरण एवं प्रविष्टि में किसी भी प्रकार के संशोधन के लिए फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के लिए कार्यक्रम जारी कर दिया गया है।

■ आज होगा मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन, 6 जनवरी को अंतिम प्रकाशन

छत्तीसगढ़ के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय में प्रदेश के मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ हुई बैठक में संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी पीएस ध्रुव ने इस संबंध में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने राजनीतिक दलों से अपील की कि वे शुद्ध एवं त्रुटिरहित मतदाता सूची तैयार करने में आयोग को सहयोग प्रदान करें। साथ ही लोगों को जागरूक कर ज्यादा से ज्यादा संख्या में मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने के लिए प्रेरित करें। उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी विनय अग्रवाल भी बैठक में उपस्थित थे।

**18 वर्ष पूर्ण करने वाले करेंगे आवेदन** : फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के दौरान ऐसे भारतीय नागरिक जिनकी उम्र 1 जनवरी 2025 को 18 वर्ष पूर्ण होगी तथा जिनका नाम वर्तमान में किसी कारण वश मतदाता सूची में दर्ज नहीं है, वे अपना नाम मतदाता सूची में जोड़ने के लिए आवेदन कर सकते हैं। आगामी 1 जनवरी के साथ ही 1 अप्रैल, 1 जुलाई और 1 अक्टूबर 2025 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले युवा भी अपना अग्रिम आवेदन दे सकते हैं।

### 89 विधानसभा क्षेत्रों किया जाएगा प्रकाशन

संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को बैठक में बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचक नामावली के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के लिए जारी कार्यक्रम के अनुसार 29 अक्टूबर को रायपुर नगर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र को छोड़कर प्रदेश के शेष 89 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में सभी मतदान केन्द्रों में मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन किया जाएगा। इसके साथ ही दावा, आपत्ति प्राप्त करने की कार्यवाही प्रारंभ हो जाएगी। नागरिक 28 नवम्बर तक दावा, आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। इस दौरान 9-10 नवम्बर तथा 16-17 नवम्बर को सभी मतदान केन्द्रों में विशेष शिविर का भी आयोजन किया जाएगा। प्राप्त दावा आपत्ति के निराकरण के बाद 6 जनवरी 2025 को निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा।

# सरकारी कर्मचारी के सुसाइड नोट के मामले में गृहमंत्री और कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ युवा विप्र संगठन ने कलेक्टोरेट के कर्मचारी प्रदीप उपाध्याय की मौत के जिम्मेदार अधिकारियों पर तत्काल एफआईआर कर जांच करने की मांग की है। श्री उपाध्याय उच्च अधिकारियों की प्रताड़ना के लगातार शिकार रहे, उन्होंने कलेक्टर से भी जाकर अपनी व्यथा बताई। जानकारी देने के बावजूद कोई कार्रवाई न होने पर आत्महत्या के लिए उनको मजबूर होना पड़ा। गृहमंत्री विजय शर्मा को मामले में जांच समिति गठन करने की मांग की है। मामले में कलेक्टर गौरव सिंह को भी ज्ञापन सौंपा गया।

■ छत्तीसगढ़ युवा विप्र संगठन ने की जांच समिति गठन की मांग

पूर्व महापौर एवं नगर निगम के अध्यक्ष प्रमोद दुबे ने जिन अधिकारियों के नाम सुसाइडल नोट में आए हैं, उन पर तत्काल निलंबन की कार्रवाई कर एफआईआर करने की मांग की है। उन्होंने कहा, पूरे प्रदेश में कई ऐसे प्रकरण लगातार देखने को मिल रहे हैं, जिसमें ब्राम्हण समाज विशेष के लोगों को टारगेट बनाकर प्रताड़ित किया जा रहा है। कुछ दिनों पूर्व नीलमणी दुबे इसके शिकार हुए जिनका 2 माह में 6 बार ट्रांसफर हुआ। कुछ बड़े सचिव स्तर के अधिकारियों को भी अकारण कई मामलों में फंसाने का प्रयास किया गया।

इसमें कुछ हद तक सफलता भी ऐसे लोगों को मिली। ब्राहमण समाज को इन सब के बावजूद टारगेट बनाकर प्रताड़ित किए जाने की ऐसी घटनाओं से काफी रोष व्याप्त है।

### दोषी लोगों पर कार्रवाई तक चलेगा आंदोलन

समाज के प्रतिनिधियों के साथ जनप्रतिनिधियों का बड़ा समूह जब तक इस घटना के दोषी लोगों को सजा नहीं मिल जाती, तब तक अनवरत चरणबद्ध आंदोलन करने की रूपरेखा बनाई है। आज प्रथम चरण में जिम्मेदार मंत्रियों एवं अधिकारियों को ज्ञापन दिया गया है। आगे की रूपरेखा समाज प्रमुखों की बैठक में तय की जाएगी।

### अफसरों के खिलाफ सुसाइड नोट पर तत्काल कार्रवाई की मांग

शासकीय कर्मचारी प्रदीप उपाध्याय ने प्रशासन के तीन अपर कलेक्टर के खिलाफ सुसाइड नोट लिखा, उस मामले को लेकर विप्र समाज सहित कई संगठनों के लोगों ने मोर्चा खोल दिया है। जिन अफसरों का नाम इसमें आया है, उन पर तत्काल कार्रवाई होनी चाहिए। इन अफसरों को यहां से हटाकर निष्पक्ष जांच कराना चाहिए। विप्र समाज ने भी आपत्ति दर्ज की करते हुए मांग की है तत्काल उन लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज होनी चाहिये। मामले में समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नवीन गुप्ता ने कहा, विप्र समाज का प्रदीप उपाध्याय सुसाइड नोट लिखता है, उस पर एफआईआर नहीं होने से पूरे प्रदेश में अराजक मामला है। उन्होंने कहा, ऐसी प्रशासनिक अराजकता क्यों? सुसाइड नोट मिलने के साथ ही तत्काल उन तीन अपर कलेक्टर के खिलाफ एफआईआर दर्ज होनी चाहिये। घटना के 48 घंटे बीत गए, लेकिन अब तक इस पर कोई कार्रवाई नहीं करना भाजपा सरकार द्वारा ऐसे मामलों को दबाने का प्रयास किया जा रहा है। मुख्यमंत्री को इस मामले में अपना मत स्पष्ट करना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस अफसरों को निलंबित कर यहां से अन्यत्र पदस्थ कर निष्पक्ष जांच करा कर कार्रवाई करना चाहिए।

# अस्पताल वाले बाबा के उर्स में आस्ताने से निकला शाही संदल, हुई चादरपोशी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हजरत सैय्यद बंदे अली शाह रहमतुल्लाह अलैह (डीके अस्पताल) के पांच दिवसीय 26 से 30 अक्टूबर को उर्स पाक बड़े ही शानो-शौकत से मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में सोमवार को शाम 7 बजे असलम रायपुरी ने बाबा की शान में शानदार कव्वाली पेश की और रात्रि 10 बजे धर्मगुरु सैयद मो. आलमगीर अशरफ अशरफी-उल-जिलानी साहब ने तकरीर की। दूसरे दिन मंगलवार को शाम 7 बजे शाही संदल व चादरपोशी का प्रोग्राम था, जो आस्ताने आलिया से निकलकर शहर का गश्त करता हुआ वापस आस्ताने आलिया पहुंचा, फिर रात 10 बजे इंटरनेशनल कव्वाल रईस मियां दिल्ली द्वारा महफिले समां का अहतराम हुआ। यह जानकारी अस्पताल वाले बाबा के खादिम-ए-आस्ताना हाजी सैयद जाफर अली ने देते हुए बताया कि बुधवार को सुबह 9 बजे कुल शरीफ की फातिहा होगी और रात 9 बजे सैफ-सुहैल ब्रदर्स



अपना सूफियाना कलाम पेश करेंगे। ज्ञात हो कि उर्स के दौरान दोपहर 2 बजे और शाम 7 बजे आम लंगर का इंतेजाम किया गया है। आस्ताना के खादिमों ने संदल व चादर शरीफ को बड़े अदब-ओ-एहतराम से लाने की अपील की है।

# राज्योत्सव का उद्घाटन करेंगे एमपी के सीएम, समापन में आएंगे उपराष्ट्रपति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ के राज्योत्सव पर नवा रायपुर में आयोजित मुख्य समारोह में मप्र के मुख्यमंत्री मोहन यादव उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। वहीं 6 तारीख को होने वाले समापन समारोह में उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। राज्य के जिलों में 5 नवंबर को एक दिन का राज्योत्सव मनाया जाएगा। छत्तीसगढ़ में हर साल एक नवंबर से राज्योत्सव शुरु होता है। लेकिन इस बार दीपालवी,गोवर्धन पूजा, भाईदूज का त्यौहार होने के कारण सरकार ने तय किया है कि राज्योत्सव 4 नवंबर से मनाया जाएगा। यह आयोजन नवा रायपुर में तीन दिनों का होगा। तीसरे दिन 6 तारीख को राज्य अलंकरण पुरस्कार बांटे जाएंगे। दूसरी ओर जिलों में एक दिन का राज्योत्सव रखा गया है। यह आयोजन सभी जिलों में 5 नवंबर को होगा।





***राज्योत्सव में होंगे ये कार्यक्रम*** : संस्कृति संध्या में वॉलीवुड सिंगर शान, नीति मोहन, इंडियन आइडल विजेता पवनदीप और अरुनिदिता आकर्षण का केंद्र होंगे। सांस्कृतिक संध्या में 4 नवंबर को बॉलीवुड सिंगर श्री शांतनु मुखर्जी (शान) का कार्यक्रम आयोजित किया गया है। 5 नवंबर को बॉलीवुड सिंगर नीति मोहन का कार्यक्रम होगा। 6 नवंबर की शाम को इंडियन आइडल विजेता पवनदीप और अरुनिदिता का कार्यक्रम मुख्य आकर्षण का केंद्र होगा। 6 को राज्य अलंकरण समारोह : राज्योत्सव के आखिरी दिन 6 नवंबर को राज्य अलंकरण समारोह का आयोजन किया जाएगा।

# अब स्वच्छ दिवाली शुभ दिवाली 3 तक चलेगा राष्ट्रीय अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

इस साल पहली बार स्वच्छ दिवाली- शुभ दिवाली अभियान शुरू किया गया है। यह अभियान 3 नवंबर तक चलेगा। खास बात ये है कि यह अभियान भारत सरकार के स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) का एक राष्ट्रव्यापी अभियान है। यह अभियान छत्तीसगढ़ के सभी नगरीय निकायों में चलाया जा रहा है। इस संबंध में राज्य शहरी विकास अभिकरण(सूडा) ने प्रदेश के सभी नगर निगम आयुक्त, सभी मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका एवं नगर पंचायतों को अभियान के संचालन के संबंध में निर्देश जारी किया गया है। 28 अक्टूबर से शुरू हुआ ये अभियान 3 नवंबर तक चलेगा। इस दौरान चार प्रमुख गतिविधियां संचालित की जाएंगी।

■ सभी नगरीय निकायों में चलेगा ये अभियान

■ दिवाली के 24 घंटे के भीतर होगी सफाई

### ये हैं चार प्रमुख गतिविधियां

अभियान के तहत स्वच्छता लक्षित इकाईयों का रूपांतरण किया जाएगा। भारत सरकार द्वारा सभी नगरीय निकायों को स्वच्छता लक्षित इकाईयों की पहचान जारी रखने तथा योजनाबद्ध तरीके से उनकी सफाई और रूपांतरण किया जाएगा। स्वच्छता अभियानों का संचालन के तहत कचरा मुक्त शहर के लक्ष्य की पूर्ति के लिए शहर की स्वच्छता को बनाए रखने और नागरिकों के स्वास्थ्य और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए दीवाली के बाद 24 घंटे के भीतर विशेष सफाई अभियान आयोजित करने का निर्देश दिया गया है। इसी क्रम में ट्रिपल आर केंद्रों का संचालन किया जाना है। इस अभियान के तहत निकायों के हर वार्ड में एक ट्रिपल आर केंद्र स्थापित होगा। जिसमें घरों से निकलने वाली अनुपयोगी सामग्री को जमा कर वार्डवार जागरूकता अभियान संचालित कर व्यापक-प्रचार प्रसार किया जाएगा। नागरिकों द्वारा स्वच्छता को अपने दैनिक जीवन में स्वभाव और संस्कार का हिस्सा बनाने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। चार प्रमुख गतिविधियों में स्वच्छता में भागीदारी भी शामिल है। इसके तहत कचरामुक्त दिवाली मनाने के लिए बाजार संघों, व्यावसायिक, आवासीय संघों, वार्ड समितियों, एसएचजी, एनजीओ और नागरिक संगठनों, यूथ क्लबों, सामाजिक धार्मिक संगठनों की सहभागिता से स्वच्छ, ग्रीन, सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त दिवाली मनाने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। साथ ही स्थानीय कला, कारीगरों और व्यवसायों को बढ़ावा दिया जाएगा।


पादुका पूजन
अभिनंदन...
पादुका पूजन
गौ ध्वज प्रतिष्ठा भारत यात्रा पश्चात पूज्यपाद अनंत
श्री विभूषित उत्तराम्नाय ज्योतिषपीठाधीश्वर जगद्गुरू शंकराचार्य
भगवान स्वामिः श्री 1008 अविमुक्तेश्वरानन्दः सरस्वती जी
महाराज श्री का प्रति वर्षानुसार लक्ष्मी पूजन के अवसर पर
सहसपुर लोहारा आगमन पर स्वागत अभिनंदन...
जगद्गुरू शंकराचार्य
स्वामी श्री स्वरूपानंद सरस्वती जी
स्व. राजा साहब श्री यशवंतराज सिंह जी
पूर्व विधायक
राज परिवार सहसपुर लोहारा की ओर से समस्त जिले
एवं प्रदेशवासियों को दीपावली के पावन पर्व की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ...
-: कार्यक्रम :-
पादुका पूजन : 31 अक्टूबर 2024
दिन : गुरूवार, समय: सुबह- 10:00 बजे
स्थान : श्री गुरूकृपा प्रसादम्
निज निवास पण्डित देव दत्त दुबे
स.लोहारा, जिला- कबीरधाम (छ.ग.)
पादुका पूजन : 31 अक्टूबर 2024
दिन : गुरूवार, समय: सुबह- 10:30 बजे
स्थान : राजमहल राजा खड्गराज सिंह
स.लोहारा, जिला- कबीरधाम (छ.ग.)
स्वामी श्री अविमुक्तेश्वरानन्द
सरस्वती जी
विनीत- राजा खड्गराज सिंह, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष, स.लोहारा


प्रभु श्रीराम के ननिहाल छत्तीसगढ़
परिक्षेत्र में सुख-समृद्धि व सौहार्द्र का
दीप सदैव प्रकाशित होता रहे...!
समस्त
प्रदेशवासियों को
दीप पर्व
की हार्दिक
शुभकामनाएं...
मान. विष्णुदेव साय जी
मुख्यमंत्री, छ.ग. शासन
मान. विजय शर्मा जी
उप मुख्यमंत्री, छ.ग. शासन
विनीत-राजेश कुमार सिंह (संयोजक-सनातन विचार मंच, रायपुर छत्तीसगढ़)